तापमान

अधिकतम 28.2 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

# हरिभूमि रायपुर भूमि

रायपुर, सोमवार 26 अगस्त 2024



ममता बनर्जी के फैसले से बढ़े छत्तीसगढ़ में आलू के दाम, चिल्हर में 50 रुपए किलो

## प्याज की आवक अब भी कम

छत्तीसगढ़ के साथ देश के ज्यादातर राज्यों में प्याज महाराष्ट्र के नासिक से आता है। अगले से दूसरे सप्ताह तक तो वहां से आने वाले प्याज की जहां आवक ठीक हो रही थी, वहीं कीमत भी कम होने के कारण यह थोक बाजार में 30 से 32 रुपए में बिक रहा था। ऐसा होने से बीते लंबे समय से प्याज की कीमत प्रदेश में 40 रुपए किलो चल रही थी, लेकिन अचानक महाराष्ट्र से आने वाले प्याज की कीमत जहां बढ़ गई है, वहीं माल भी कम आ रहा है। कारोबारियों के मुताबिक, महाराष्ट्र से कम माल आने का कारण यह है कि महाराष्ट्र से ज्यादा प्याज अब पश्चिम बंगाल जा रहा है। इसी के साथ प्याज बंगलादेश भी जाने लगा है, जिसके कारण प्याज की कीमत बढ़ गई है। थोक में ही इस समय प्याज की कीमत 40 से 42 रुपए किलो है। ऐसे में चिल्हर में यह 50 से 55 रुपए में बिक रहा है।

# बंगाल ने हटाया बैन, थोक में 13 रुपए गिरा आलू, पर चिल्हर में अब भी लूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

पश्चिम बंगाल से आलू पर लगा बैन तो अब समाप्त हो चुका है और भरपूर आवक भी हो रही है। इससे थोक में आलू की कीमत 40 रुपए से घटकर 27 रुपए हो गई है, थोक में 13 रुपए कीमत कम होने के बाद भी चिल्हर में दाम नहीं घटे हैं। चिल्हर बाजार में जमकर लूट हो रही है। कीमत पर कहीं कोई नियंत्रण नहीं है। ज्यादातर सब्जी मंडी में आलू अब भी 50 रुपए तक बिक रहा है। प्याज की कीमत थोक में 40 से 42 रुपए होने के बाद अब 50 से 55 रुपए में बिक रहा है। अपने ▶▶ शेष पेज 11 पर

### चिल्हर में मनमानी कीमत

थोक कारोबारियों के मुताबिक, पिछले चार-पांच दिनों से बंगाल से आने वाले आलू पर बैन हट जाने के कारण अब वहां से भरपूर मात्रा में आलू आ रहा है। प्रदेश में बंगाल और यूपी से मिलाकर रोज 60 ट्रक आलू आता है। पहले यूपी से तो पूरा माल आ रहा था, लेकिन बंगाल से बहुत कम माल आने के कारण इसकी कीमत ज्यादा हो गई थी। अब बंगाल से भी पूरा माल आ रहा है। ऐसे में थोक में आलू की कीमत 23 रुपए से प्रारंभ होकर अच्छी क्वालिटी का आलू 27 रुपए किलो बिक रहा है। इतना सब होने के बाद भी चिल्हर मंडी में आलू की कीमत सब्जी वालों से लेकर किराना दुकान वाले 50 रुपए तक वसूल रहे हैं। चिल्हर कारोबारी ग्राहकों से यही कह रहे हैं कि थोक में कीमत ज्यादा है तो क्या करें।

### प्याज थोक में 40 से 42, चिल्हर में 50 से 55 रुपए



### कीमत घटी

बंगाल से अब भरपूर मात्रा में आलू आ रहा है। आवक ज्यादा होने से कीमत भी कम हो गई है। अच्छी क्वालिटी का आलू 27 रुपए किलो तक बिक रहा है।

**- अजय अग्रवाल,** अध्यक्ष थोक आलू-प्याज विक्रेता संघ, भनपुरी

## खबर संक्षेप

### डॉयल-112 में कॉल कर परेशान करने वाला गिरफ्तार

**रायपुर।** डॉयल-112 में बेवजह कॉल कर अनुचित बातें कर परेशान करने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक के खिलाफ पुलिस ने अलग-अलग धाराओं के तहत कार्रवाई की है।



पुलिस के मुताबिक, डॉयल-112 में कॉल कर फिजूल बातें करने के आरोप में पंडरी निवासी सोनू साहू को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक, नशे की हालत में सोनू ने डॉयल-112 में कॉल कर अनुचित बातें की थीं।

### सात किलो गांजा जब्त मुंबई का तस्कर गिरफ्तार



**रायपुर।** डीडीनगर पुलिस ने मुंबई के एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सात किलो से ज्यादा गांजा की जब्ती की है। पुलिस के मुताबिक, गांजा तस्करी के आरोप में सरफुद्दीन शेख को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सरफुद्दीन को इंद्रप्रस्थ फेस-2 में गांजा बेचने ग्राहक ढूंढते धर-दबोचा।

### अस्पताल से एसी पाइप चोरी, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** पंडरी पुलिस ने अस्पताल में लगे एसी पाइप की चोरी के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से



पुलिस ने चोरी किए गए आठ पाइप जब्त किए हैं। पुलिस के मुताबिक, चोरी के आरोप में अब्दुल अजीम उर्फ नज्जू को गिरफ्तार किया गया है। अब्दुल अजीम बालाजी अस्पताल के कार्डियो विभाग के बाहर दीवार में लगे 10 एसी के पाइप चोरी कर ले गया था।

### वाहन चोर गिरफ्तार



**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने ओडिशा के एक शातिर को दोपहिया वाहन चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, विजय दास की शिकायत पर ओडिशा काटाभांजी निवासी रोहित दुर्गे को दोपहिया वाहन चोरी करने के आरोप में पकड़ा गया है। विजय ने पुलिस को बताया कि डेढ़ माह पूर्व 4 जुलाई को वह अपने दोस्त को रेलवे स्टेशन छोड़ने के लिए गया था। रास्ता भटकने की वजह से वह डब्ल्यूआरएस रेलवे स्टेशन पर सो गया। सुबह स्टेशन के बाहर से एक्टिवा चोरी हो गई। पुलिस ने दुर्गेश को सीसीटीवी से प्राप्त फूटेज के आधार पर गिरफ्तार किया है।

ठीक होने के लिए चार-पांच दिन दवा, एंटीबायोटिक लेना जरूरी

# नर्म-गर्म मौसम ने बिगाड़ी सेहत, वायरल का अटैक ऐसा कि सुधार में लग रहा ज्यादा समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

बारिश के मौसम में होने वाली बीमारी इस बार पीछा छोड़ने का नाम नहीं ले रही है। बुखार के इलाज के लिए सरकारी अस्पतालों के साथ निजी क्लीनिक में भी मरीजों की भीड़ लगी हुई है। वायरल फीवर का असर ऐसा है कि इसे ठीक होने में चार-पांच दिन का वक्त लग रहा है।

चिकित्सकों के मुताबिक, आमतौर पर होने वाला बुखार तीन से चार दिन की सामान्य दवा पर ठीक हो जाता था, मगर इस बार बिना एंटीबायोटिक दवा के वायरल फीवर पीछा नहीं छोड़ रहा है। मौसम में होने वाले बदलाव के वक्त इस तरह की बीमारी अपना असर दिखाती है। बारिश को तीसरा महीना बीतने वाला है, मगर वायरल इंफेक्शन की शिकायत कम नहीं हो रही है। चिकित्सकों के अनुसार, अभी बरसात के साथ मौसम में ठंडक है और धूप भी निकल रही है, जिसका विपरीत असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। पिछले आठ-दस दिनों से मौसमी बीमारी की शिकायत काफी बढ़ी हुई है और हर घर में बुखार अथवा कफ-कोल्ड की शिकायत वाले मरीज बढ़े हैं। सरकारी अस्पतालों में तो मरीज पहुंच ही रहे हैं, गली-मोहल्ले में खुले अस्पतालों में भी मरीज इसके इलाज के लिए पैसे खर्च कर रहे हैं।





### काफी संख्या में आ रहे मरी, शिकायतें बढ़ीं

मौसम में हो रहे बदलाव की वजह से वायरल फीवर की शिकायतें बढ़ी हैं। अस्पताल की ओपीडी में रोजाना काफी संख्या में मरीज पहुंच रहे हैं। बुखार के साथ लोग शारीरिक कमजोरी जैसी शिकायत भी कर रहे हैं।

**- डॉ. आरएल खरे,** विशेषज्ञ मेडिसिन, आंबेडकर अस्पताल

### बुखार के साथ गले में दर्द, कमजोरी भी

वायरल फीवर के साथ मरीजों में कमजोरी और गले में दर्द की शिकायत भी हो रही है। रोजाना सौ से डेढ़ मरीज इससे पीड़ित होकर पहुंच रहे हैं। इनके ठीक होने में थोड़ा वक्त लग रहा है ज्यादा संदेह होने पर स्वाइन फ्लू का टेस्ट कराया जा रहा है।

**- डॉ. निलय मोझरकर** विशेषज्ञ जिला अस्पताल

### अस्पतालों में मरीज

1. आंबेडकर अस्पताल- सामान्य दिनों में 1500 की ओपीडी अब बढ़कर 1800 तक पहुंची। मेडिसिन वार्ड में चार सौ मरीज, जिसमें से ढाई सौ से अधिक वायरल फीवर से पीड़ित।
2. जिला अस्पताल- सामान्य दिनों में 350 की ओपीडी अब बढ़कर पांच सौ तक तक पहुंची। मेडिसिन विभाग में दो सौ मरीज सवा सौ मरीज बुखार जैसी समस्या लेकर आ रहे।

### इस बार कुछ ज्यादा ही दिक्कत

स्वास्थ्य विभाग के संचालक महामारी डॉ. एसके पामभोई के अनुसार, बारिश के मौसम में बीमारी पैदा करने वाले कई तरह के वायरल पॉवरफुल हो जाते हैं। इस बार वायरल फीवर कुछ ज्यादा ही असर दिखा रहा है और काफी संख्या में लोग इससे पीड़ित हो रहे हैं। सरकारी अस्पतालों में इसके उपचार की पूरी व्यवस्था है। मौसमी बीमारी की वजह से इस पर रिसर्च तो नहीं किया जा रहा है, अलबत्ता इसके प्रकोप से बचने के लिए लोगों को खानपान और रहन-सहन में सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

### मेडिसिन विभाग में ज्यादा भीड़

आंबेडकर और जिला अस्पताल के सभी विभागों में नियमित रूप से अपनी समस्या का इलाज कराने मरीज बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। अभी सबसे ज्यादा मरीज मेडिसिन विभाग से संबंधित हैं। मेकाहारा में करीब चार सौ और जिला अस्पताल में लगभग दो सौ मरीज इसी विभाग से संबंधित हैं, इनमें पचास से साठ फीसदी मरीज वायरल फीवर से संबंधित हैं। आंबेडकर अस्पताल में इसी तरह की समस्या लेकर आने वाले मरीजों की वजह से बेड फुल हो गए थे और उन्हें दूसरे वार्डों में शिफ्ट करना पड़ गया था।

## बादल छाए तो दो डिग्री लुढ़का पारा, पर नहीं हुई बारिश, आज भी आसार कम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छाए बादलों की वजह से शहर के तापमान में चौबीस घंटे में दो डिग्री की गिरावट आई, मगर यह पानी बरसने का कारण नहीं बन सका। सिस्टम के आधार पर आज भी बारिश की संभावना कम ही बनी हुई है। बांग्लादेश के ऊपर बना सिस्टम अपना रूप और दिशा बदलकर झारखंड तक पहुंचेगा, जिसके बाद दक्षिणी हिस्से में बारिश होने की संभावना बन रही है।

- बांग्लादेश का सिस्टम आएगा झारखंड, तब वर्षा की संभावना

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार, निम्नदाब के प्रभाव से पिछले चौबीस घंटे में बस्तर में अच्छी बारिश हुई, मगर मध्य और उत्तरी इलाका इससे अप्रभावित रहा। रविवार को रायपुर समेत राज्य के अधिकांश इलाकों में बादल छाए रहे। कुछेक क्षेत्रों में बारिश हुई, मगर राजधानी में इसका असर बहुत अधिक नहीं हो पाया। बादलों की वजह से मौसम में ठंडक रही और दिन का तापमान तीस डिग्री से लुढ़ककर 28 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। बारिश के लायक माहौल तैयार तो हुआ, मगर पानी नहीं बरसा। अगले चौबीस घंटे में भी यहां बरसात की संभावना काफी कम है।

### बस्तर संभाग में 27 के बाद बारिश में तेजी

विशेषज्ञों का कहना है कि 27 अगस्त के बाद बस्तर संभाग सहित दक्षिणी हिस्से में बारिश की गतिविधि में वृद्धि होगी, मगर मध्य और उत्तरी हिस्से में इसका ज्यादा प्रभाव होने की संभावना कम है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, पिछले चौबीस घंटे में गंगालूर में 11, लालपुर में 7, बीजापुर, सक्ती में 6 तथा सुकमा में पांच सेमी. तक बारिश हुई।

## आखिरकार सात महीने बाद 'पिक एंड ड्रॉप' सिस्टम का विवाद खत्म पर्ची के झंझट से मिली मुक्ति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सात महीने के बाद आखिरकार रेलवे स्टेशन परिसर से पिक एंड ड्रॉप का सिस्टम रेलवे ने पूरी तरह से खत्म कर दिया। रविवार को रेलवे स्टेशन में प्रवेश करने पर लोगों को न पर्ची लेनी पड़ी और न ही बाहर निकलने के लिए रास्ता बदलना पड़ा। 7 मिनट के भीतर स्टेशन से बाहर निकलने की बंदिशों से मुक्ति मिलने पर लोगों को बड़ी राहत मिली। स्टेशन पहुंचे लोगों का समय भी ▶▶ शेष पेज 11 पर

- पिक एंड ड्रॉप सिस्टम खत्म करने पर लोगों ने जताया रेलवे का आभार
- नई एजेंसी तय होने के बाद नए सिरे से होगी व्यवस्था

### दोनों तरफ से प्रवेश और निकासी

पिक एंड ड्रॉप सिस्टम के चलते प्रवेश और निकासी के लिए दो अलग-अलग रास्ते बनाए गए थे, जिसकी वजह से यात्रियों को लंबी दूरी तक घूमकर दूसरी ओर जाना पड़ता था, लेकिन सिस्टम खत्म होने के बाद रविवार से यात्री गुरुद्वारे और आरपीएफ थाने की ओर से भी स्टेशन पहुंचे और बाहर निकले। लोगों ने इसके लिए रेलवे प्रशासन को धन्यवाद कहा। इस निर्णय से विवाद और विरोध भी खत्म हो गया। रेलवे ने पुरानी एजेंसी का ठेका निरस्त कर 30 दिन का समय दिया था। इस वजह से तय समय के बाद एजेंसी का ठेका खत्म हो गया है। रेलवे 20 दिन के भीतर नई एजेंसी नियुक्त करेगा। इस दौरान पार्किंग व्यवस्था संभालने के लिए अल्टरनेट के तौर पर 20 दिन के लिए नया टेंडर जारी किया गया है।

### बिलासपुर की तर्ज पर पार्किंग का ठेका

रेलवे ने दो तरह के टेंडर जारी किए हैं, जिसमें पहला टेंडर पार्किंग में गाड़ी खड़ी करने को लेकर है। इसके अलावा दूसरा टेंडर नो पार्किंग से जुड़ा है। स्टेशन परिसर के नो पार्किंग स्थल पर गाड़ी खड़ी करने पर मोबाइल वैन गाड़ी को उठाकर आरपीएफ थाने के पास ले जाएगी। चारपहिया वाहनों में मौके पर ही जैमर लगाया जाएगा। ठेके पर दिए गए इस काम में रेलवे के सिविल डिफेंस के कर्मचारी भी कार्रवाई के दौरान साथ होंगे। जो भी जुर्माना किया जाएगा, उसकी रसीद पर उन कर्मचारियों के काउंटर साइन भी होंगे। रेलवे स्टेशन के सामने पार्किंग और पार्किंग के बाहर नो पार्किंग जोन में दोपहिया और चारपहिया वाहनों के खड़े करने से काफी दिक्कतें होती हैं। यह पूरा सिस्टम बिलासपुर में लागू किया गया है, जिसे अब रायपुर में भी लागू किया जाएगा।

## शाह तीन दिवसीय प्रवास के बाद लौट गए नई दिल्ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के 3 दिवसीय प्रवास के बाद रविवार को नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए। स्वामी विवेकानंद विमानतल पर अमित शाह को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास राज्यमंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक गुरु खुशवंत साहेब, अनुज शर्मा, राजेश मूणत, धरमलाल कौशिक, अमर अग्रवाल, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा सहित अनेक जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने विदाई दी।

- मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री सहित मंत्रियों, विधायकों, जनप्रतिनिधियों ने विमानतल पर दी विदाई

# नवा रायपुर में जहां खड़े होंगे, वहां दिखेगा पीपल 21000 से ज्यादा लगाए जा चुके, थमेगा नहीं सिलसिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने नवा रायपुर में निर्माणाधीन नवीन विधानसभा परिसर में ''पीपुल फॉर पीपल'' अभियान का शुभारंभ किया। स्मार्ट सिटी योजना के तहत रेलवे स्टेशन, स्मार्ट रोड, पार्किंग एवं स्मार्ट स्कूल सहित 204 करोड़ रूपए की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने की। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, वनमंत्री केदार कश्यप, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, खेल युवा कल्याण मंत्री टंक राम वर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, किरण देव, पुरंदर मिश्रा, इंद्रकुमार साहू, मोती लाल साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### *शाह ने किया 'पीपुल फॉर पीपल' अभियान का आगाज नवा रायपुर में 204 करोड़ के कार्यों का लोकार्पण*

- 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पीपल के पौधे का किया रोपण

### हर तरफ दिखेंगे पीपल के वृक्ष

नवा रायपुर अटल नगर द्वारा ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान अंतर्गत ''पीपुल फॉर पीपल'' कार्यक्रम में एक लाख से अधिक स्थानीय प्रजाति के बड़े पेड़ रोपे जाएंगे। वर्तमान में 21,000 से अधिक पीपल के वृक्ष ▶▶ शेष पेज 11 पर



### रेलवे स्टेशन, स्मार्ट रोड, पार्किंग

नवा रायपुर अटल नगर से अन्य शहरों की कनेक्टीविटी के लिए बिछाई गई रेलवे लाइन में शहर के मध्य रेलवे स्टेशन की सुविधा उपलब्ध होगी। यह स्टेशन 75 करोड़ रूपए की लागत से तैयार की गई है। नवा रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा 4 रेलवे स्टेशन निर्माण का कार्य किया जा रहा है। नवा रायपुर अटल नगर में लगभग 5.3 किलोमीटर में स्मार्ट सडक एवं अन्य आवश्यक अधोसंरचना का निर्माण 35.25 करोड़ रूपए की लागत से किया गया है। 100 बस के अतिरिक्त 148 कार, टैक्सी और लगभग 250 दोपहिया वाहनों की पार्किंग की सुविधा 23.12 करोड़ रूपए की लागत से विकसित की गई है।

## माइग्रेन से परेशान मरीज अस्पताल की पांचवी मंजिल से कूदा, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

तेलीबांधा थाना क्षेत्र में रविवार को एक निजी अस्पताल में माइग्रेन का उपचार कराने आए ओडिशा के एक मरीज ने अस्पताल के पांचवे माले से कूदकर खुदकुशी कर ली। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचकर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



- मर्ग कायम कर पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी

पुलिस के मुताबिक, मेडलाइफ अस्पताल में भर्ती 60 वर्षीय राम बिस्वाल ने पांचवे माले से कूदकर खुदकुशी कर ली। राम को उसके परिजनों ने 22 अगस्त को उपचार के लिए भर्ती कराया था। अस्पताल में भर्ती कराने के पूर्व वह और कई जगह इलाज करा चुका था। बावजूद इसके राम माइग्रेन से परेशान था। अपने किसी ▶▶ शेष पेज 11 पर


पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

# अधिवक्ता विष्णु शंकर ने कहा- ज्ञानवापी की लड़ाई हम सारे लोगों की आत्मा से जुड़ी लड़ाई

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर**

रायपुर के पूर्व संघचालक स्व. कुंदन लाल जैन की स्मृति में राजधानी रायपुर स्थित मेडिकल कॉलेज सभागार में स्मृति विचारमाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्र गौरव का पुनर्जागरण विषय पर जैन समाज के गुरु पावन निश्रा विराग मुनिश्री, सुप्रीम कोर्ट के सुप्रिसद्ध अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय संघचालक डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना ने अपना उद्बोधन दिया। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता, सुप्रीम कोर्ट के सुप्रिसद्ध अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कहा, ज्ञानवापी की लड़ाई हम सारे लोगों की आत्मा से जुड़ी लड़ाई है।

जैन समाज के गुरु विराग मुनिश्री ने कहा, महावीर स्वामी ने अहिंसा को सबसे उच्चतम नैतिक गुण बताया। उनके बताए अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, अचौर्य (अस्तेय), ब्रह्मचर्य जैसे पंचशील के सिद्धांत यदि आज विश्व अपना ले तो कहीं कोई समस्या नहीं रहेगी, लेकिन आज विकट समय आ गया है। उन्होंने ब्रिटिशकाल की कुछ घटनाओं का उदाहरण दिया।

कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता, सुप्रीम कोर्ट के सुप्रिसद्ध अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कहा, ज्ञानवापी का केस 2019-20 में हमने फाइल किया, मुझे और हमारी टीम ने अनुभव किया कि इस बीच बहुत महत्वपूर्ण और आध्यात्मिक घटनाएं हुई हैं। श्रीराम मंदिर केस में सुप्रीम कोर्ट ने लिखित रूप से कहा, मंदिर के टूट जाने के भगवान का अस्तित्व खत्म नहीं हो जाता है। हम भी यही कहते हैं कि वन्स अ टेम्पल ऑलवेज अ टेम्पल। श्रीराम मंदिर में एएसआई की जो रिपोर्ट आई थी, उससे मजबूत रिपोर्ट ज्ञानवापी को लेकर एएसआई ने दी है ज्ञानवापी की लड़ाई हम सारे लोगों की आत्मा से जुड़ी लड़ाई है। बारह ज्योतिर्लिंग में से पांच ज्योतिर्लिंग स्वयंभू हैं और उन पांच ज्योतिर्लिंग में से जो सबसे पहला ज्योतिर्लिंग है, वो आदि विश्वेश्वर का ज्योतिर्लिंग है, जो आज वहां पर स्थापित है, जिसे फाउंटेन बताने की कोशिश की जा रही है। सारी लीगल रिसर्च की गई, मुकदमा फाइल किया गया, एडवोकेट कमीशन का आर्डर हुआ, जिसे हमने जीता, इलाहाबाद से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक। एडवोकेट कमीशन हुआ तो वहां शिवलिंग प्राप्त हुआ। इसके बाद आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के सर्वेक्षण की हमने मांग की, वो लड़ाई लोअर कोर्ट से सुप्रीम कोर्ट तक तीन-तीन चरणों में लड़ी गई, जिसे हमने जीता। 90 दिन का एएसआई का सर्वे हुआ। जिसमें पता चला कि यह स्थल पहले मंदिर था और राम मंदिर के पक्ष में उस समय जो एएसआई ने रिपोर्ट दी थी, उससे ज्यादा पुख्ता रिपोर्ट और सबूत उन्होंने ज्ञानवापी पर दी, जो हमारे केस को बहुत मजबूत बनाती है। उन्होंने विस्तार ने ज्ञानवापी पर पूरी जानकारी रखी।

## विचारमाला में प्रमुख वक्ता, सुप्रीम कोर्ट के सुप्रिसद्ध अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन हुए शामिल



### सबको साथ लेकर चले कुंदनजी : सक्सेना

कार्यक्रम की प्रस्तावना क्षेत्रीय संघचालक डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना ने रखी। श्री सक्सेना ने कहा, स्व. कुंदन लाल जैन ने विचारशील जीवन जिया है। सबको साथ लेकर चलना उनके चरित्र की महानता रही, उनका प्रयास रहा कि सभी एकजुट होकर समाज और देश के हित में कार्य करते रहें। कार्यक्रम का संचालन नंदन जैन एवं आभार प्रदर्शन चंदन जैन ने किया।

## खबर संक्षेप

### इमाम हुसैन के चालीसवें पर मातमी जुलूस आज

**रायपुर।** हैदरी मस्जिद ट्रस्ट मोमिनपारा द्वारा हजरत इमाम हुसैन के चालीसवें के अवसर पर 26 अगस्त को दोपहर 2 बजे मातमी जुलूस निकाला जाएगा। मुतवल्ली हैदर अली एवं मीडिया प्रभारी ताहिर हैदरी ने बताया कि मातमी जुलूस मोमिनपारा से प्रारंभ होकर हांडीपारा, आजाद चौक, आमापारा, विवेकानंद आश्रम, राजकुमार कॉलेज, जीई रोड होते हुए देर रात्रि में ऐतिहासिक करबला तालाब पहुंचेगा। जहां जुलूस का समापन होगा। जुलूस में ताजिये और अलम (हुसैनी ध्वज) भी शामिल होंगे।

### पीएम विश्वकर्मा योजना के पहलुओं से कराया अवगत

**रायपुर।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सड्डू रायपुर में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजनांतर्गत लाभार्थियों एवं विभिन्न बैंकों से आए अधिकारियों के लिए राज्य स्तरीय बैंक समिट (एसएलबीसी) द्वारा कार्यशाला हुई। इस अवसर पर सरस्वती पूजन और दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में संस्था के प्राचार्य मेजर नरेंद्र उपाध्याय ने प्रशिक्षार्थियों को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया एवं अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए सभी को प्रेरित किया। कार्यशाला में एमके सिंह एजीएमएसएलबीसी, शम्मी झा रीजनल डायरेक्टर आरडीएसडीई, मोहम्मद युसूफ स्टेट हेड एनएसडीसी, शिव राठौर डिप्टी डायरेक्टर डायरेक्टरेट ऑफ इंडस्ट्रीज और एसबीआई तथा अन्य बैंकों से आए अधिकारियों ने विस्तृत चर्चा की।

### ठाकरे परिसर में सदस्यता अभियान वाररूम का नितिन नवीन ने किया उद्घाटन

# मोदी अब 2 सितंबर को बनेंगे पहले सदस्य, 3 को साय लेंगे सदस्यता

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर**

भाजपा का देशभर में सदस्यता अभियान 1 के बजाय 2 सितंबर से प्रारंभ होगा। सबसे पहले 2 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले सदस्य बनेंगे। इसके बाद राज्यों में 3 सितंबर से अभियान चलाया जाएगा। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अब 3 सितंबर को सदस्यता लेंगे। इसके बाद जिला, मंडल और 6 सितंबर से प्रदेश भाजपा संगठन बूथों में पूरी ताकत झोंकेगा। सांसदों को जहां 20-20 हजार और विधायकों को 10-10 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है, वहीं प्रदेशभर में 50 लाख से ज्यादा सदस्य बनाए जाने हैं। भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने रविवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में सदस्यता अभियान वाररूम का उद्घाटन किया।

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने देशभर में नए सिरे से सदस्यता अभियान चलाने का फैसला किया है। भाजपा के पुराने 18 लाख सदस्यों की सदस्यता रद्द हो चुकी है। अब सबको फिर से सदस्य बनाया जाएगा। ठाकरे परिसर में वाररूम का उद्घाटन करने के बाद

नितिन नवीन ने बताया, सदस्यता अभियान की शुरुआत 2 सितंबर से होगी, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा पहले सदस्य बनेंगे। इसके बाद पूरे देश में भाजपा कार्यकर्ता सदस्य बनेंगे और पुराने सदस्य भी सदस्य बनेंगे, साथ ही नए लोगों को जोड़ने का अभियान चलेगा। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ की टीम ने इसकी तैयारी कर ली है और इसके लिए वाररूम बनाया गया है। यहां से लगातार निगरानी रखी जाएगी। श्री नवीन ने बताया, छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय की सरकार ने 8-9 महीने में ही सरकारी योजनाओं में बड़ी संख्या में लोगों को जोड़ा, जिससे लोग भारतीय जनता पार्टी से जुड़ने को तैयार हैं। हमें सदस्यता अभियान के माध्यम से सबको जोड़ना है। उन्होंने कहा, पिछले सदस्यता अभियान में पार्टी द्वारा रखे गए लक्ष्य से ज्यादा लक्ष्य हमने प्राप्त किया था। पिछले सदस्यता अभियान में 10 करोड़ का लक्ष्य रखा था और हमने 11 करोड़ का लक्ष्य प्राप्त किया। फिर हमने दोबारा सदस्यता अभियान चलाया, जिसमें 18 करोड़ लोग भाजपा के सदस्य बने। अब सदस्यता अभियान के प्रथम चरण की शुरुआत होने जा रही है, जिसमें हमने 10 करोड़ का लक्ष्य रखा है और उस लक्ष्य को हम अवश्य प्राप्त करेंगे।

## 6 से बूथों में भाजपा झोंकेगी पूरी ताकत



### सांसद-विधायकों के लिए लक्ष्य

केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने कहा, छत्तीसगढ़ में 33 लाख सदस्य हैं, इससे ज्यादा सदस्य बनाए जाएंगे। सांसदों को 20-20 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है, वहीं विधायकों को 10-10 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है। उन्होंने कहा कि सभी बूथों में 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है और पार्टी द्वारा जो लक्ष्य दिया गया है, वह लक्ष्य हम निश्चित रूप से प्राप्त करेंगे।

### कार्यक्रम एक दिन आगे बढ़ा : अनुराग

सदस्यता अभियान समिति के प्रदेश संयोजक अनुराग सिंहदेव ने बताया, सदस्यता अभियान का कार्यक्रम अब 1 सितंबर के स्थान पर अब 2 सितंबर से प्रारंभ होगा। पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदस्यता लेंगे। इसके अगले दिन 3 सितंबर को प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को सदस्यता दिलाएंगे। 4 सितंबर को प्रदेश के मंत्री जिलों में सदस्यता अभियान का प्रारंभ करेंगे। 5 सितंबर को मंडलों और 6 सितंबर से सभी नेता और कार्यकर्ता युद्धस्तर पर बूथों में उतरेंगे और सदस्य बनाने का काम करेंगे।

### ये रहे उपस्थित

वाररूम के उद्घाटन अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, मुरलीधर मोहोल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, मंत्री केदार कश्यप, सदस्यता अभियान प्रभारी अनुराग सिंहदेव, विधायक गुरु खुशवंत साहेब, प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, महामंत्री संजय श्रीवास्तव, रामू रोहरा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व विधायक रजनीश सिंह, सौरभ सिंह, अजा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष नवीन मार्कण्डेय, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी, प्रदेश प्रवक्ता अमित साहू, अमरजीत सिंह छाबड़ा, उमेश घोरमोड़े, अमित मैशरी, सोमेश पांडेय, मितुल कोठारी, संदीप उपाकर, आदित्य कुरील, सौरभ कोतू, लोकेश पवार सहित वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

# पालनार कैम्प के 31 युवाओं ने की गृहमंत्री शाह से मुलाकात



**हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर**

माओवादी आतंक से प्रभावित बीजापुर जिले के पालनार कैम्प के आसपास के 5 गांवों के 31 युवाओं ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से नवा रायपुर में मुलाकात की। इनमें से कई युवा पहली बार बीजापुर से निकलकर राजधानी रायपुर आए हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय, उपमुख्यमंत्री अरूण साव, विजय शर्मा एवं वन मंत्री केदार कश्यप भी उपस्थित थे।

■ बीजापुर जिले के कई युवाओं ने पहली बार देखी राजधानी

केंद्रीय गृहमंत्री ने इन बच्चों से हालचाल पूछा और उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इन बच्चों ने राजधानी रायपुर के भ्रमण के दौरान पुरखौती मुक्तांगन, महानदी भवन मंत्रालय, मीवान स्टील प्लांट, मैग्नेटो मॉल, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, रेलवे स्टेशन का भ्रमण किया। 23 अगस्त की रात से यह युवा रायपुर पहुंचे थे। युवा कल गंगरेल बांध घूमते हुए वापस बीजापुर लौट जाएंगे।

### बीजापुर के 33 गांवों में नियद नेल्लानार योजना संचालित

गौरतलब है कि पालनार सुरक्षा कैम्प के आसपास के इन बच्चों के गांवों में नियद नेल्लानार योजना के तहत सड़क, बिजली, पानी, राशन, स्कूल, अस्पताल, आंगनबाड़ी सहित सभी प्रकार की बुनियादी सुविधाएं पहुंचाई जा रही हैं। साथ ही केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों को दिलाया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत सुरक्षा कैम्प के पांच किलोमीटर की परिधि के गांवों में नियद नेल्लानार योजना संचालित की जा रही है। बीजापुर जिले के सुरक्षा कैम्पों के पास के 33 गांवों में नियद नेल्लानार योजना संचालित की जा रही है।

### रोजगार के नए अवसरों की दी जानकारी


बीजापुर जिला प्रशासन की पहल पर पालनार कैम्प के पास के इन गांवों के बच्चों को राजधानी रायपुर में औद्योगिक विकास सहित रोजगार के क्षेत्र में नए नए अवसर एवं विकास की सभी गतिविधियों से परिचित कराया गया। इससे इन युवाओं में नए उत्साह का संचार दिख रहा है। ये युवा अब रोजगार मूलक गतिविधियों से जुड़कर अपना नया और सुंदर भविष्य बनाना चाहते हैं।












**खबर संक्षेप**

### गुरु बालकदास जयंती और सम्मान समारोह आज

**रायपुर।** बाबा गुरु घासीदास के



द्वितीय सुपुत्र एवं उनके उत्तराधिकारी रहे शूरवीर महान प्रतापी राजा गुरु बालकदास की 223वीं जयंती 26 अगस्त को धूमधाम से मनाई जाएगी। इस दिन पवित्र जैतखाम की विशेष पूजा-अर्चना के साथ गुरु बालकदास पर बनी फिल्म में भाग लिए सभी कलाकारों का सम्मान व संगोष्ठी आयोजित होगी। कार्यक्रम के संयोजक वरिष्ठ साहित्यकार व फिल्म निर्माता डॉ. जेआर सोनी ने बताया कि यह पूरा आयोजन गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी तथा सतनामी फिल्म प्रोडक्शन के संयुक्त तत्वावधान में न्यू राजेंद्र नगर स्थित मिनीमाता स्मृति भवन में दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब होंगे।

### दुग्ध विज्ञान एवं खाद्य प्रौद्योगिकी कॉलेज में प्रवेश की अंतिम तिथि आज

**रायपुर।** दुग्ध विज्ञान एवं खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए बी.टेक (डेयरी टेक्नोलॉजी) स्नातक पाठ्यक के प्रथम वर्ष में पीईटी परीक्षा 2024 की प्रावीण्य सूची के आधार पर काउसिलिंग के लिए ऑनलाइन पंजीयन 12 अगस्त से प्रारंभ हो चुका है। प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीयन करने की अंतिम तिथि 26 अगस्त तक है। प्रवेश के लिए आवेदन एवं विस्तृत जानकारी लिंक एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। यह जानकारी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके त्रिपाठी ने देते हुए बताया कि शैक्षणिक सत्र में 4 साल बी-टेक पाठयक्रम के प्रथम में कुल 60 सीटों पर प्रवेश दिया जाना है।

### देश में महिला सुरक्षा गारंटी कानून जरूरी

**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने पश्चिम बंगाल में 9 अगस्त को ट्रेनी डॉक्टर के साथ रेप के बाद हत्या की घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा, रेप के बाद हत्याकांड ने देश को फिर से एक बार फिर से हिलाकर रख दिया है। देशभर में लोग इस घटना का विरोध कर रहे हैं। पीड़िता के लिए न्याय की मांग कर रहे हैं, जैसे देश को एक बार फिर से 2012 की दिल्ली निर्भया कांड की याद दिला दी। पश्चिम बंगाल की इस घटना के बाद भी उत्तराखंड, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, लुधियाना, आंध्रप्रदेश, सोनभद्र, सिलीगुड़ी, भोपाल आदि में दस दिनों में अनेक महिलाओं, नाबालिग और एक 65 वर्षीय बुजुर्ग के साथ भी रेप का मामला सामने आया है, जो अत्यंत शर्मिंदगी भरा है। उन्होंने कहा, महिलाओं की सुरक्षा को लेकर अब और भी अधिक कठोर कदम उठाने की आवश्यकता है। कठोर कानून बनाने की आवश्यकता है, महिला सुरक्षा गारंटी कानून बनाना जरूरी है।

**निधन**

### रविंदर कौर दत्ता

**रायपुर।** जेल रोड साईंनगर



निवासी सरदारनी रविंदर कौर दत्ता का 24 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 25 अगस्त को देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे जगजीत सिंग दत्ता, हरमिंदर सिंग दत्ता की माता और रविंदर सिंग दत्ता एवं परमजीत सिंह की भाभी थीं।

# नौकरी लगाने के नाम पर ठगी, डेढ़ दर्जन केस दर्ज, बाकी मामलों में जांच का दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ऑनलाइन फ्रॉड करने वाले, लोगों को झांसे में लेकर ठगी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं, वहीं दूसरी ओर सरकारी नौकरी का सपना दिखाकर जालसाज ठगी का शिकार बना रहे हैं। जिले के अलग-अलग थानों में वर्ष 2023 में ठगी की 48 शिकायतें सामने आईं, जिनमें से 11 मामलों पर पुलिस एफआईआर दर्ज कर इनकी जांच कर रही है। इसी तरह से वर्ष 2024 में जनवरी से लेकर अब तक सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर डेढ़ दर्जन से ज्यादा ठगी की शिकायतें मिली हैं।

## डेढ़ साल में जिले के अलग-अलग थानों में पांच दर्जन से ज्यादा शिकायतें

### पुलिस ने किया अलर्ट



एसएसपी संतोष सिंह ने नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले लोगों से सावधान रहने की अपील की है। अफसर के अनुसार, सरकारी नौकरी के लिए वैकेंसी निकाली जाती है। जो पात्र होते हैं, उन्हें ही नौकरी मिलती है। नौकरी लगवाने के नाम पर अगर कोई पैसों की मांग करता है तो इसकी शिकायत पुलिस के अलावा संबंधित विभाग के अधिकारियों के पास करनी चाहिए।

**केस 1**

### ओएसडी बनकर ठगी

मुजगहन थाने में पिछले वर्ष अप्रैल में डूंडा निवासी रोशन लाल मिश्रा, उनकी पत्नी डॉ. टंकेश्वरी, जो महासमुंद में आयुर्वेदिक चिकित्सक हैं, उनके खिलाफ सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर डेढ़ करोड़ की ठगी करने की अलग-अलग लोगों ने शिकायत दर्ज कराई थी। रोशन ने अपने आपको तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत का ओएसडी बताकर बेरोजगारों को ठगी का शिकार बनाया था।

**केस 2**

### रेलवे में नौकरी दिलाने का झांसा

एक दर्जन से ज्यादा लोगों को रेलवे में ग्रुप-डी में नौकरी लगवाने का झांसा देकर 91 लाख रुपए ठगी करने के आरोप में पुलिस ने आशीष बंजारे उर्फ राहुल को गिरफ्तार किया है। जालसाज ने ठगी के शिकार लोगों को कोलकाता ले जाकर उनकी फर्जी मेडिकल जांच कराने के साथ ठगी के शिकार लोगों को तीन महीने का फर्जी तरीके से रेलवे फाटक बंद करने तथा खोलने का प्रशिक्षण दिया था। इसके बाद उन्हें फर्जी नियुक्तिपत्र तक जारी कर दिया।

पुलिस के मुताबिक, सरकारी नौकरी का झांसा देकर लोगों को ठगी का शिकार बनाने वाले, लोगों के साथ पहले जान-पहचान बढ़ाते हैं। इसके बाद बड़े सरकारी अफसरों तथा मंत्रियों के करीबी होने का झांसा देकर अपने जाल में फंसाते हैं। जालसाज किसी मंत्री, अफसर के साथ अपनी फोटो खिंचाकर विश्वास हासिल करने लोगों को दिखाते हैं, इसके अलावा उनके बीच बड़ी-बड़ी बातें कर अपने मोहजाल में फंसाते हैं। इसके बाद उन्हें या उनके किसी परिजनों को सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देते हैं। बदले में संबंधित मंत्री, अफसर को देने के लिए पैसों की मांग करते हैं।

## शहर के 20 साल पुराने ट्रैफिक जाम के मसौदे को सुलझाने में फिर चुनावी पेंच

# तात्यापारा से शारदा चौक तक की सड़क चौड़ी होने पर 94 में से 20 दुकानें हो जाएंगी गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

शहर में शारदा चौक से तात्यापारा चौक के बीच सड़क चौड़ीकरण का मसौदा तैयार है। करीब 700 मीटर लंबी व 80 फीट चौड़ी सड़क के दायरे में 94 दुकानें आ रही हैं। इनमें से करीब 20 दुकानों का वजूद पूरी तरह से खत्म हो जाएगा। नगर निगम चुनाव के चलते एक बार फिर ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने की मुहिम में भी पेंच फंसने वाला है। वहीं 8 से 12 के दायरे में निर्मित पुरानी दुकानों पर बुलडोजर कब चलेगा, इसका फैसला होना बाकी है।

राजधानी में लंबे अरसे बाद एक बार फिर फूल चौक-तात्यापारा के बीच संकरी सडक़ के चौड़ीकरण का मसला सुलझाने जिला प्रशासन ने प्रयास तेज किया है। यह सड़क एक समान चौड़ी होने से शहर के लोगों को आने-जाने की बेहतर सुविधा मिलेगी। अभी इस दायरे में सुबह से देर शाम तक ट्रैफिक जाम के हालात दिनभर बनते हैं। पड़ताल में पता चला कि आगामी निगम चुनाव को देखते हुए तोड़फोड़ की जद में आने वाली दुकानों की मार्किंग करने के बाद पीडब्ल्यूडी को आगे की प्रक्रिया करने जिला प्रशासन ने निर्देश दिए हैं। सूत्रों ने बताया कि इस सड़क का चौड़ीकरण दिसंबर से पहले शुरू होना संभव नहीं है, चूंकि मुआवजा राशि तय करने की प्रक्रिया भी अभी शुरू नहीं की गई है। इसे देखते हुए माना जा रहा है कि दिसंबर के बाद ही प्रक्रिया होगी।

### दस्तावेज जांच के बाद मुआवजा

जिला प्रशासन के राजस्व विभाग की टीम ने संकरे दायरे का खाका तैयार किया है। इसमें 94 दुकानें चौड़ीकरण के दायरे में आ रही हैं। सर्वे में तय किया गया है कि 500 मीटर के दायरे में ही 8 से 12 फीट तक तोड़फोड़ करनी होगी।

प्रभावित दुकानों के मालिकों के कागजी दस्तावेजों के आधार पर मुआवजा तय करने की प्रक्रिया पूरी होगी। मुआवजा राशि देने के बाद जमीन से कब्जा हटाया जाना है। राजस्व विभाग जांच, सीमांकन और मुआवजा तय करने के बाद पीडब्ल्यूडी को रिपोर्ट देगा।

### पूर्व सरकार ने इस सड़क चौड़ीकरण के लिए 137 करोड़ का किया था प्रावधान





### लॉज व फूलों की दुकानें होंगी खत्म

राजस्व से जुड़े सूत्रों ने बताया कि लॉज, सेलून समेत फूल कारोबार से जुड़े लोगों की दुकानें हटा दी जाएंगी। इनमें एक ही कारोबारी की चार से पांच दुकानें जद में हैं। सर्वे टीम ने उन सभी को सूचीबद्ध किया है। तोड़फोड़ की क्षतिपूर्ति के आकलन की जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर्स को भी सौंपी गई है। इसके बाद सड़क निर्माण व जमीन का अलग से मूल्यांकन होगा। इसके बाद ही मुआवजा बांटने की प्रक्रिया पर अंतिम मुहर लगेगी। आगामी चुनाव के चलते इसमें तीन से चार महीने लगना तय है।

### करीब सात करोड़ होगा में निर्माण

पूर्व सरकार ने इस सड़क चौड़ीकरण के लिए 137 करोड़ का प्रावधान किया था। इसके आधार पर पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर्स ने निर्माण के लिए करीब सात करोड़ अनुमानित लागत का एस्टीमेट तैयार किया है। इसके बाद सड़क चौड़ीकरण में आगे काम भी शुरू नहीं हो पाया और फाइल बंद रही। अब एक बार फिर वैसी ही स्थिति बन रही है। आगामी निगम चुनाव के चलते निर्माण का पेंच फिर फंसने वाला है। ऐसा माना जा रहा है कि रिजल्ट आने के बाद निर्माण की प्रक्रिया दिसंबर से ही आगे बढ़ सकती है।




**शुरू करेंगे प्रक्रिया**

चौड़ीकरण के लिए सर्वे रिपोर्ट तैयार हो गई है। तोड़फोड़ के दायरे में दोनों तरफ की 94 दुकानों को सूचीबद्ध किया है। निर्माण से पहले क्षतिपूर्ति के मूल्यांकन की रिपोर्ट पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर तैयार करेंगे। इसके बाद मुआवजे की प्रक्रिया होगी। - *डॉ. गौरव कुमार सिंह, कलेक्टर*

# 'अब नई सहिबो, मोदी के गारंटी ले के रहिबो'



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने 4 सूत्रीय मांगों को लेकर तीसरे चरण में 11 सितंबर को प्रदेश के जिला मुख्यालयों, विकासखंड और तहसील स्तर पर मशाल रैली निकालने का ऐलान किया है। आंदोलन को 'झन कर इनकार, हमर सुनव सरकार, अब नई सहिबो, मोदी के गारंटी लेके रहिबो' नाम दिया गया है। फेडरेशन से संयोजक कमल वर्मा, संभाग प्रभारी चंद्रशेखर तिवारी, जिला संयोजक उमेश मुदलिया ने बताया कि शनिवार को रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक मोतीलाल साहू, राजेश मूणत, पुरंदर मिश्रा से भेंट कर ज्ञापन सौंपा गया।

- कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन की 11 सितंबर को मशाल रैली

प्रदेश के कर्मचारियों को केंद्र के समान देय 1 जनवरी 2024 से 4 फीसदी महंगाई भत्ता, जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्ते के एरियर्स की राशि का समायोजन जीपीएफ खाते में जमा किए जाने, प्रदेश के शासकीय सेवकों को भाजपा के घोषणापत्र अनुसार चार स्तरीय वेतनमान दिए जाने और मध्यप्रदेश सरकार की तर्ज पर छत्तीसगढ़ के शासकीय सेवकों को अर्जित अवकाश नकदीकरण 240 दिन के स्थान पर 300 दिन दिए जाने की मांग शामिल है।

फेडरेशन के प्रवक्ता चंद्रशेखर तिवारी ने चार स्तरीय आंदोलन के संबंध में बताया, अगस्त क्रांति का ऐलान कर चरणबद्ध आंदोलन का निर्णय लिया गया। इसके प्रथम चरण में 6 अगस्त को नवा रायपुर में इंद्रावती भवन से लेकर मंत्रालय तक ऐतिहासिक प्रदर्शन कर जंगी मशाल रैली निकाली गई।

### कई संगठनों के पदाधिकारी जुटे

छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के ज्ञापन सौंपने के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से चंद्रशेखर तिवारी, उमेश मुदलियार, पंकज पांडेय, दिलीप झा, नरेश वाढेर, रामू तांडी, फारुख कादरी, पीतांबर पटेल, मुक्तेश्वर देवांगन, तिलक यादव, सुनील नायक, पवन सिंह, मो. फिरोज, नारायण बाग, मनोज सोना, ललित यादव सहित घटक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## जैन मंदिर में बच्चों को सिखाया प्रभु नवांगी पूजन और चैत्यवंदन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आचार्य जिनमणिप्रभ सूरीश्वर की प्रेरणा से प्रति रविवार को बच्चों के मन मस्तिष्क में सुसंस्कार के बीजारोपण करने सीमंधर स्वामी जैन मंदिर में सकारात्मक पहल करते हुए बच्चों को प्रभु नवांगी पूजन, देववंदन विधि सिखाई जाती है। सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेंद्र कोचर ने बताया कि प्रातः से ही बच्चे पूजन के वस्त्र जैन संस्कृति के परिचायक धोती, दुपट्टा पहनकर आते हैं तथा अपने मधुर कंठ से प्रभु भक्ति के श्लोक, नवांगी पूजन के दोहे के साथ जब एक साथ सभी बच्चों ने जैन मंदिर में प्रभु प्रतिमा के सामने सामूहिक स्वर में पाठ किया तो मंदिर में अलौकिक दृश्य उपस्थित हो गया। इस प्रयास से बच्चों के माता-पिता भी प्रातः से ही पूजन में आने लगे हैं।

- बच्चों ने जैन मंदिर में प्रभु प्रतिमा के सामने सामूहिक स्वर में किया पाठ

ट्रस्टी निलेश गोलछा ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा भावी पीढ़ी को संस्कारित करने रात्रि धार्मिक पाठशाला का भी संचालित हो रही है। ट्रस्टी डॉ. योगेश बंगानी ने बताया कि रविवार को 56 बच्चों को जिनप्रतिमा के 9 अंगों के पूजन की विधि की जानकारी देकर नवांगी पूजा कराई गई। बच्चों को पुरस्कृत किया गया। श्री कोचर ने आगे बताया कि चारों दादा गुरुदेव के सम्मुख विधिपूर्वक गुरुवंदन की प्रक्रिया सिखाई गई।

## झोलाछाप डॉक्टरों के क्लीनिक पर कार्रवाई के लिए टीम गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा इलाज के नाम पर मरीजों की जान जोखिम में डालने से रोकने के लिए टीम का गठन किया गया है। धरसींवा ब्लॉक में जिला, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम बनाकर ऐसे क्लीनिक बंद कराने की जिम्मेदारी दी गई है। स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा मरीजों को झोलाछाप डॉक्टरों के चंगुल से बचाने के लिए गंभीरता बरती जा रही है। इसे ध्यान में रखते हुए कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर धरसींवा विकासखंड में ऐसे क्लीनिक बंद कराने और आवश्यक कार्यवाही के लिए टीम गठित कर अधिकारियों का मोबाइल नंबर जारी कर ड्यूटी लगाई गई है। पहली टीम में तहसीलदार जयेंद्र सिंह, थाना प्रभारी धरसींवा राजेय दीवान, सीएमओ कूंरा ललित साहू, चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास अग्रवाल शामिल हैं। दूसरे दल में तहसीलदार पवन कोसमा, माना थाना प्रभारी भावेश गौतम, सीएमओ माना राजेश्वरी पटेल, चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष मेश्राम को शामिल किया गया है।

- धरसींवा ब्लॉक में दो टीमों का गठन

### मां शारदा विद्या मंदिर में आज कई आयोजन

**रायपुर।** रायपुरा महादेवघाट स्थित मां शारदा विद्या मंदिर में 34वां कृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर कृष्ण रूप सज्जा नृत्य, भजन एवं नाट्य प्रतियोगिता, मटकीफोड़ का आयोजन होगा। यह कार्यक्रम 26 अगस्त को दोपहर 12 बजे से शाम 6.30 बजे तक किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में नगर के अन्य प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवक बजरंग अग्रवाल होंगे। विशिष्ट अतिथि डॉ. तृप्ति लुनिया, डॉ. आवेश सिंह, जीवराखन दास मानिकपुरी, मनोज दास मानिकपुरी आदि होंगे।

## तेज होगा युक्तियुक्तकरण का विरोध, कल नोटिस 16 सितंबर को हड़ताल

**रायपुर।** युक्तियुक्तकरण को लेकर कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन की बड़ी रणनीति तैयार हो गई है। 27 अगस्त को मुख्य सचिव को शिक्षक संगठन हड़ताल का नोटिस देने जा रहा है। वहीं 16 सितंबर को राजधानी में एक दिवसीय हड़ताल होगी। इसकी घोषणा कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने की है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री से भी इस संबंध में बातचीत की जाएगी, लेकिन आंदोलन अपने स्तर पर जारी रहेगा।

- कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन की रणनीति तैयार

इससे पहले युक्तियुक्तकरण को लेकर शनिवार को कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन की बैठक हुई। 4 घंटे चली मैराथन बैठक में 2 दर्जन से ज्यादा शिक्षक संगठनों के प्रांताध्यक्ष व पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में युक्तियुक्तकरण के मुद्दे को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान कई शिक्षक संगठनों की ओर से अलग-अलग मुद्दों पर अपनी बातें रखी गईं।

फेडरेशन ने सभी शिक्षक संगठनों से कहा है कि किसी भी आंदोलन में आगे बढ़ने से पहले शिक्षकों और शिक्षक संगठनों में आपसी सहमति जरूरी है। शिक्षक अपने हक की आवाज को लेकर आगे बढ़ें तो फेडरेशन उनके साथ साया बनकर चलने को तैयार है।

## पेज 09 के शेष ...

### बंगाल ने हटाया...

प्रदेश में आलू बंगाल और उत्तरप्रदेश से आता है। रायपुर संभाग के साथ दुर्ग संभाग में ज्यादातर बंगाल का आलू बिकता है। इसी के साथ बिलासपुर और सरगुजा संभाग में यूपी का आलू बेचा जाता है। पिछले माह बंगाल के आलू पर वहां की सरकार ने बैन लगा दिया था, जिसके कारण आलू की आवक बंद तो नहीं, लेकिन कम हो गई थी। आलू चोरी-छिपे आने के कारण कीमत बढ़ गई थी। ऐसे में आलू की कीमत थोक में 40 रुपए के पार हो गई थी। इसकी वजह से चिल्हर में आलू 50 रुपए के पार हो गया था।

### आखिरकार सात महीने...

बचा और परिसर में ट्रैफिक जाम की स्थिति भी नहीं बनी। परिजन स्टेशन के बाहर अपने मेहमानों, आगंतुकों का इंतजार करते नजर आए। नो पार्किंग को लेकर हर दिन होने वाला विवाद पूरी खत्म हो गया। स्टेशन में सितंबर महीने से नया पार्किंग सिस्टम लागू होगा। रेलवे ने पार्किंग ठेकेदार को सात दिनों के भीतर बैरियर हटाने के निर्देश दिए हैं, ताकि स्टेशन आने-जाने वालों को कोई दिक्कत न हो। बता दें कि गुढ़ियारी मार्ग से स्टेशन पहुंचने पर पिक एंड ड्रॉप का सिस्टम लागू रहेगा। केवल मुख्य द्वार से स्टेशन पहुंचने के लिए यात्रियों को प्रवेश के लिए पैसे देने नहीं पड़ेंगे।

### माइग्रेन से परेशान...

परिचित के कहने पर राम को उसके परिजन मेडलाइफ अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती किए थे। पुलिस को मिली जानकारी के मुताबिक अस्पताल में भर्ती होने के बाद भी राम बीमारी से बेहद परेशान था। इसके चलते उसने अपने परिजन तथा अस्पताल प्रबंधन की नजर बचाकर पांचवे माले से कूदकर खुदकुशी कर ली। ऊपर से गिरने की आवाज आने पर मौके पर उपस्थित लोग तथा सुरक्षागार्ड घटनास्थल पहुंचे, तब तक सिर पर गंभीर चोट लगने की वजह से उसकी मौत हो चुकी थी।

### हर तरफ दिखेंगे...

लगाये जा चुके हैं। नवा रायपुर अटल नगर का लक्ष्य है कि शहर में किसी भी स्थान पर खड़े होने पर पीपल का वृक्ष दिखाई दें।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-18, तहसील व जिला रायपुर**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 08.08.2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम सेरीखेडी प.ह.नं. 77, रा.नि.मं.-रायपुर-18 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में आवेदक डॉ. सतीश राठी पिता स्व. नारायण दास राठी निवासी बैरन बाजार रायपुर द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 541/61 रकबा 0.0920 हे. का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र./वाचक/अति.तह./अ-12 वर्ष 2024 आदेश दिनांक 29.07.2024 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांक 27.08.2024 को समय 1.00 बजे किया जाना नियत है। अतएवं उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक, रायपुर-18






## चकल्लस

### इंतहा हो गई इंतजार की

भूपेश सरकार के समय जूझने वाले भारतीय जनता पार्टी के जमीनी कार्यकर्ता थोड़े निराश हैं। क्या है कि सरकार बने आठ महीने हो गए हैं। लेकिन निगम, मंडल और आयोगों के दरवाजे उनके लिए नहीं खुले हैं। इस साल के आखिरी में नगरीय निकाय के चुनाव हैं। उससे पहले अगर ऐलान नहीं हुआ तो आचार संहिता लग जाएगी। फिर नतीजों से भी तय किया जाएगा कि कौन लायक है कौन ना-लायक। बाकी राजनीति का क्या भरोसा, कब क्या हो जाए। वैसे भी परंपरा यही रही है कि सरकार बनने के बाद खूब झुलाया जाता है। कई बार तो दो-दो साल तक इंतजार करा दिया जाता है। वही सोचकर कार्यकर्ता मायूस हैं, कहीं वैसा न हो जाए।

### उम्मीद जगा गए शाह

छत्तीसगढ़ बनने के बाद ऐसा पहली बार हुआ है कि नक्सली सच में बैकफुट पर चले गए हैं। भाजपा सरकार आने के बाद फोर्स ने नक्सलियों की मांद में घुसकर मारना शुरू कर दिया है। नक्सली पलटवार भी नहीं कर पा रहे हैं। अतीत में ऐसा होता रहा है कि जब फोर्स मारती थी तो नक्सली भी पलटवार करते थे। लेकिन अब नक्सली अपनी जान बचा रहे हैं, मारे जा रहे हैं या सरेंडर कर रहे हैं। ऐसे हालात में अमित शाह ने शनिवार को जो कहा, वह उम्मीद जगाने वाला है। दो साल में छत्तीसगढ़ नक्सल मुक्त। वैसे राजनेता बयान देते रहते हैं, लेकिन जो हालात हैं, उससे लगता है कि अमित शाह ऐसा करके दिखा सकते हैं।

### नेता पर प्रवक्ता भारी ...

गुरु गुड़ तो चेला शक्कर... वाली कहावत अब पुरानी हो गई। नए जमाने के साथ पैटर्न बदल गया है। कोई आपसे पूछे, नेता बड़ा या प्रवक्ता? जवाब तो यही होगा- नेता। पर नेताजी की बात जनता तक पहुंचाने वाले प्रवक्ता अब ज्यादा होशियार हो गए और नेता पर भारी पड़ गए। हुआ यूं कि अपोजिशन की खामी खंगालने में लगी तेजतर्रार नेत्री को विरोधी दल के नेता की खामी मुश्किल से पता चली। नेत्री कुछ कह पाती, इससे पहले उसके को-ऑर्डिनेटर ने बात लपक ली। बकायदा बयान भी जारी करा दिया। होना क्या था, जो क्रेडिट उन्हें मिलना था, प्रवक्ता लपक लिए।

### ट्रिप-ट्रिप का मौसम ...

वैसे तो घूमने-फिरने का कोई मौसम नहीं होता, पर इलेक्शन से पहले ट्रिप-ट्रिप का मौसम पांच साल में एक बार आता ही है। कॉर्पोरेशन वाले भी गजब के हैं। पहले रेवेन्यू वाले कॉर्पोरेशन की तंगहाली दूर करने का आइडिया लेने स्टडी टूर पर गए। इसके बाद शहरी सरकार अपोजिशन वालों के साथ बेंगलुरु, मैसूर के ट्रिप पर गई। बात यहीं खतम होती तो समझ में आता। अब नेताजी के मास्को ट्रिप पर बवाल हो गया है। जिसे देखो, लाइट मेट्रो को लेकर डिस्कस कर रहा है अपोजिशन वाले कह-कह कर थक गए, भाई, ये उनका पर्सनल ट्रिप है। इसे लाइट लो, पर कोई माने तब न।

### गाय-भैंस भगाने का पीरियड

प्रायोगिक कार्य हो तो इंदिरा गांधी कृषि विवि की तरह। कृषि कार्य के दौरान मवेशियों को भी भगाना पड़ता है। इसके लिए कृषि विवि अभी से अपने छात्रों को प्रशिक्षण दे रहा है। यहां थोक में गाय-बैल का जमावाड़ा हॉस्टल में लगा रहता है। रात होते ही छात्र इन्हें भगाने में लग जाते हैं ताकि चैन की नींद सो सकें। देखिए... अब आपको आलोचना करने की आवश्यकता नहीं है। हर चीज का विरोध करना भी ठीक नहीं है। चीजों को सकारात्मक रूप से देखना चाहिए। फ्री में प्रैक्टिकल हो रहा है। कहीं और होते देखा है आपने?

### खत्म, टाटा, बाय-बाय...

क्या मजे के दिन थे, जब प्रभारी प्राचार्य को हटाने के बाद नए प्राचार्य की नियुक्ति के लिए कागजी कार्रवाई शुरू हुई। कई सालों से आस लगाए बैठीं मैडम साहिबा को लगा कि इस बार उनका नंबर आ ही जाएगा, लेकिन बाजी कोई और ही मार ले गया। आजकल मैडम खुन्नस निकाल रही हैं। अब महिला हैं, तो साहब को भी कुछ कहते नहीं बन रहा है। नहीं बूझे? अरे... राजधानी में सबसे बड़े गर्ल्स कॉलेज के अलावा एक और सरकारी कॉलेज भी है, जहां के प्रभारी प्रचार्य हटाए गए हैं और माशिम के पुराने साहब विराजमान हुए हैं।

### सिर मुंडाते ही ओले पड़े...

छत्तीसगढ़ में एक विभाग में एक अफसर को संविदा नियुक्ति मिलने के साथ ही विभागीय मंत्री ने उनकी फाइलों को रोकना शुरू कर दिया। निर्माण संबंधी भुगतान की कई फाइलों को सिर्फ इसलिए रोक दिया गया कि उनकी नियुक्ति की अनुमति मंत्री से नहीं ली गई। चार दर्जन से अधिक फाइलों के रुकने से अफसर अब अपनी राजनीतिक पकड़ का उपयोग करने में लगे हैं, पर सफल नहीं हुए। मामले का पता चलते ही उनका डीडीओ पॉवर अलग कर अन्य अफसर को दिया गया, पर अब भी उनकी ही चलती है। संविदा नियुक्ति के साथ 'सिर मुंडाते ही ओले पड़े' की कहावत उनके साथ चरितार्थ हो रही है।

### टकसाल पर लगाम

इस समय कपड़ा दुकानों से ज्यादा हास्पिटलों का उदघाटन हो रहा है। करोड़ों, अरबों रुपए लगाने से इनवेस्टर नहीं चूक रहे। कारोबारी अब जमीन से पैसा निकालकर अस्पतालों में लगा रहे हैं। खबरी बता रहा था कि आयुष्मान ने आयुष्मान भवः कर दिया है। ओड़िसा तक से मरीज उठाकर ला रहे हैं और लाखों-करोड़ों कमा रहे हैं। लेकिन इतने अस्पताल खुल रहे हैं तो डॉक्टर कहां से आएंगे। हो यह रहा है सरकारी अस्पतालों के डॉक्टर तनख्वाह सरकार से लेते हैं लेकिन ड्यूटी प्राइवेट अस्पताल में करते हैं। सरकार को समझ आया तो रोक लगा दी है। इससे वे डॉक्टर परेशान हैं जिन्होंने खुद का पैसा लगाकर अस्पताल खोला है।

### छपास रोगी

रायपुर जिले के एक आला अधिकारी छपास रोग से पीड़ित हैं। उन्हें मीडिया में सुर्खियों में रहने का इतना चस्का है कि अपनी सीमाएं लांघकर वे अन्य विभागों के कामकाज का निरीक्षण करने तक पहुंच जाते हैं। इतना ही नहीं, विभाग में होने वाले किसी प्रमुख कार्य के समाचार में उनके नाम का उल्लेख नहीं होने के मामले को वे दिल पर ले लेते हैं और संबंधित अधिकारी अथवा कर्मचारी को विभागीय कोपभाजन का शिकार होना पड़ता है। स्वास्थ्य के साथ अन्य शासकीय कार्यालयों में साहब का रुतबा इतना है कि अधिकारी-कर्मचारी मीडिया वालों से निवेदन करते फिरते हैं कि खबर भले ही न जाए, मगर साहब का नाम जरूर आना चाहिए।

### जारी है जंग...

चिकित्सा महाविद्यालय के एक ही विभाग के दो डॉक्टरों के बीच आपसी विवाद में मात खाने वाले चिकित्सा शिक्षक को सजा मिली और जीतने वाले डॉक्टर को विभाग प्रमुख होने का ताज पहनाया गया। मेडिकल कॉलेज में पिछले दिनों जारी हुए विभागीय आदेश और उस पर उठने वाले विरोध के स्वर से यह स्पष्ट होने लगा है कि जंग अभी भी जारी है। विरोधी खेमा चिकित्सा शिक्षा संचालनालय स्तर पर यह माहौल गरमाने में लगा है कि विभागीय अनियमितता की शिकायत पर जांच कटघरे में खड़े चिकित्सा शिक्षक को कैसे विभाग प्रमुख की जिम्मेदारी दी जा सकती है?

राजकुमार ग्वालानी, सुरेंद्र शुक्ला, प्रदीप शर्मा, विकास शर्मा, रुचि वर्मा

# अलायंस एयर की रायपुर-जगदलपुर फ्लाइट की सितंबर में होगी वापसी

## तकनीकी कारणों से पिछले दस दिनों से बंद है उड़ान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम के तहत रायपुर-जगदलपुर के बीच संचालित होने वाली अलायंस एयर की फ्लाइट की सितंबर माह में वापसी की गुंजाइश बन रही है। कंपनी ने पिछले दस दिन से ऑपरेशनल रीजन का हवाला देकर इस फ्लाइट का संचालन बंद कर दिया था। इसके बाद राजधानी से जगदलपुर के बीच इंडिगो की उड़ान सप्ताह में चार दिन संचालित हो रही है। रायपुर-जगदलपुर के बीच आवाजाही करने वाले यात्रियों को हवाई सुविधा का लाभ देने के लिए इस विमानन कंपनी ने मार्च के महीने में अपनी फ्लाइट का संचालन नियमित रूप से करने की घोषणा की थी। बाद में में पांच दिनों की कटौती कर इसकी उड़ान दो दिन के लिए ऑपरेट की जा रही थी। दस दिन पहले अलायंस एयर ने अपने तकनीकी कारणों का हवाला देते हुए अपनी उड़ान को स्थगित करने की घोषणा कर दी थी। इसके बाद से रायपुर से जगदलपुर के बीच इंडिगो द्वारा सोम, मंगल, गुरु और शुक्रवार को विमान का संचालन किया जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि अलायंस एयर की फ्लाइट सितंबर माह में वापस ट्रैक पर लौट सकती है, हालांकि अभी इसकी निश्चित तारीख की अधिकृत घोषणा नहीं की गई है। माना जा रहा है कि इसकी उड़ान सातों दिन हो सकती है। अलायंस एयर की एयरक्रॉफ्ट 72 सीटर थी और इसका किराया भी दो हजार से कम था। यह फ्लाइट रायपुर-जगदलपुर के साथ हैदराबाद के बीच भी संचालित होती थी।

### हैदराबाद की तीसरी फ्लाइट भी

*इंडिगो द्वारा हैदराबाद-रायपुर-हैदराबाद सेक्टर में अपनी तीसरी नियमित उड़ान का संचालन किया जाएगा। इसके लिए बुकिंग का दौर शुरू हो चुका है। एयरलाइंस कंपनी की तीसरी फ्लाइट दोपहर 2.20 बजे हैदराबाद से रवाना होकर 3.55 बजे रायपुर पहुंचेगी। वापसी के वक्त यह रायपुर से 4.25 बजे टेकऑफ होकर 5.50 बजे हैदराबाद में लैंड होगी। त्योहारी सीजन में अन्य शहरों की तरह हैदराबाद से भी बड़ी संख्या में यात्रियों की आवाजाही होती है। तीसरी फ्लाइट का संचालन प्रारंभ होने के बाद ज्यादा यात्री इसमें सफर कर सकेंगे।*




### 16 अगस्त को प्रयागराज की हुई थी वापसी

*वापसी के दौर में प्रयागराज-रायपुर के इंडिगो की फ्लाइट की 16 अगस्त को वापसी हो चुकी है। यह फ्लाइट आठ माह पहले तकनीकी वजह से बंद कर दी गई थी। फ्लाइट का पुनः संचालन शुरू होने पर प्रथम आगमन पर रायपुर विमानतल में पानी की बौछार के साथ उसका स्वागत किया गया था। इस फ्लाइट में सात से आठ हजार रुपए खर्च कर यात्री लंबी दूरी का सफर पूरा कर रहे हैं।*

## नियमानुसार रेलवे स्टेशन एवं ट्रेन में वेंडरों को खाने का बिल देना अनिवार्य

# स्टेशन में वेंडर्स नहीं दे रहे बिल, कहीं मशीन खराब, कहीं स्टॉफ गायब, जीएसटी का झोल

**केस 1**

एक्स पर ट्वीट कर यात्री ने बताया कि प्लेटफार्म नंबर-5 और स्टॉल नंबर सी-1 पर कोई बिल चार्ट नहीं है। सैंडविच खरीदने के बाद पहले बिल नहीं दिया गया। कहा गया कि यह कॉर्ट के मालिक का ऑर्डर है। अधिक दबाव बनाने के बाद बिना जीएसटी का बिल दिया गया, जो पूरी तरह से गलत है।

**केस 2**

प्लेटफार्म नंबर-3 पर संचालित स्टॉल पर एक चाय और बिस्किट के लिए 30 रुपए भुगतान के बाद जब बिल मांगा गया तो कर्मचारियों ने कहा कि चाय का बिल नहीं मिलता। कारण पूछने पर उन्होंने कहा कि बिल देने का काम मैनेजर का है, अभी मैनेजर नहीं है, इसलिए बिल नहीं दे पाएंगे। कर्मचारियों ने कहा कि यदि जरूरी है तो आप बैठिए, मैनेजर के आने के बाद बिल मिलेगा।

**केस 3**

प्लेटफार्म-1 पर चिप्स खरीदने के बाद बिल नहीं दिया गया। कर्मचारी ने कहा कि कुछ दिनों से मशीन खराब है। इसके अलावा इसी प्लेटफार्म के अन्य स्टॉल पर यात्रियों द्वारा बिल मांगे जाने पर भी नहीं दिया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

रेलवे स्टेशन में यात्रियों द्वारा खाद्य सामग्री खरीदने पर वेंडर बिल देने को तैयार नहीं हैं, जबकि स्टॉल के बाहर सभी वेंडर्स ने लिख रखा है कि बिल नहीं तो सामग्री नहीं। रेलवे बोर्ड ने खाने पर अधिक कीमत वसूली की शिकायत पर लगाम लगाने 'नो बिल, फ्री फूड पॉलिसी लागू की है, लेकिन नियम का पालन स्टेशन में नहीं हो रहा है। वेंडर्स कभी मैनेजर नहीं होने, मशीन खराब होने की बात कहते हैं तो कुछ सीधे यह भी कह रहे हैं कि मालिक ने कहा है, बिल न दें। शनिवार को एक यात्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर रेलवे बोर्ड से इसकी शिकायत की, जिसमें सनशाइन कैटरर्स के स्टॉल से 30 रुपए का सैंडविच खरीदने के बाद वेंडर ने बिल नहीं दिया। बिल के लिए अधिक दबाव बनाए जाने बिना जीएसटी का बिल दिया गया। स्टॉल नंबर सी-1 पर कोई बिल चार्ट नहीं था। इस शिकायत के बाद हरिभूमि ने जब अन्य स्टॉल पर पहुंचकर इसकी पड़ताल की तो पता चला कोई भी 100 रुपए से नीचे खाद्य सामग्री खरीदने पर बिल देने को तैयार नहीं है। ज्यादातर लोगों ने बिल मशीन खराब होने की बात कही। कुछ ने बिल देने की जगह सामान पर एमआरपी दिखा दिया। बोर्ड ने आदेश जारी किया है कि कोई भी वेंडर बिना बिल किसी प्रकार के खानपान संबंधित सामान की कीमत नहीं ले सकेगा।




### आईआरसीटीसी का ये है नियम

नए फरमान में रेलवे ने साफ किया है कि यात्री खाने-पीने की वस्तुएं लेने के बाद बिल मांगें तो वेंडर को बिल देना होगा। ऐसा न करने पर वेंडर को पैसे का भुगतान न किया जाए। इस फैसले से उन यात्रियों को राहत मिलेगी, जिनसे अक्सर खाने के नाम पर ज्यादा वसूली होती है। आईआरसीटीसी की ओर से नई पॉलिसी लागू कर दी गई है। पॉलिसी लागू करने के बाद रेलवे की ओर से इसकी कड़ी निगरानी भी की जाएगी।

### जीएसटी बचाने नहीं दे रहे यात्रियों को बिल

*वेंडर्स से सामग्री खरीदने पर उसका जीएसटी टैक्स के साथ बिल देना है, ताकि यात्री को सामग्री के सही दाम और जीएसटी की भी जानकारी मिल सके। जब हरिभूमि ने अलग-अलग स्टॉल से बिस्किट, चिप्स, कोलड्रिंक खरीदने के बाद बिल मांगा तो वेंडर्स ने पहली बार में ही मना करते हुए कहा, इतने कम रुपए की चीज के लिए बिल की क्या आवश्यकता। पड़ताल में पता चला कि कुछ वेंडर्स के पास बिल मशीन भी नहीं है। प्लेटफार्म-1 पर सिस्टम में भी खराबी है, जिस कारण से बिल नहीं दे रहे। जीएसटी बचाने के लिए संचालक अनिवार्य रूप से सभी यात्रियों को बिल देने बच रहे हैं।*

# निगम की सामान्य सभा सितंबर में, हंगामे के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

चार माह के इंतजार के बाद रायपुर नगर निगम की सामान्य सभा सितंबर माह के प्रथम सप्ताह में आयोजित होगी। महापौर एजाज ढेबर की परिषद की यह अंतिम सामान्य सभा हंगामेदार होने के आसार हैं। जनहित के मुद्दों पर शहरी सरकार को घेरने भाजपा पार्षद नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे के नेतृत्व में रणनीति बनाने की तैयारी में है।



■ प्रश्नकाल के लिए पार्षदों से मंगाए सवाल

सभापति प्रमोद दुबे ने सचिवालय के अधिकारियों को सामान्य सभा के पहले एक घंटे के प्रश्नकाल के लिए पार्षदों से प्रश्न मंगाने आदेश जारी कर दिया है। नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे और उपनेता मनोज वर्मा द्वारा हाल ही में गांधी सदन में सभापति प्रमोद दुबे को नगर निगम की सामान्य सभा बुलाने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें नगर निगम की सामान्य सभा जल्द बुलाने की मांग की गई। नेता प्रतिपक्ष ने सभापति को सौंपे पत्र ज्ञापन में ध्यान आकर्षित कराया कि शहर में पेयजल संकट, सड़कों पर गड्ढे, आवारा कुत्तों का खौफ और ठप पड़े विकास कार्यों जैसे जनहित के मुद्दों को लेकर सामान्य सभा कराई जाए। सभापति ने उन्हें आश्वस्त कराया कि जल्द से जल्द सामान्य सभा की बैठक बुलाई जाएगी। इसी परिप्रेक्ष्य में सभापति प्रमोद दुबे ने सितंबर माह के प्रथम सप्ताह में निगम की सामान्य सभा बुलाने का निर्णय लिया।

### एक घंटे का प्रश्नकाल पार्षदों से प्रश्न आमंत्रित

*सितंबर माह में होने वाली सामान्य सभा की शुरुआत में एक घंटे का प्रश्नकाल होगा, जिसमें पार्षदों द्वारा जनहित से जुड़े चुनिंदा प्रश्नों के जवाब सदन में संबंधित विषय के भारसाधक सदस्य को देने होंगे। इसके लिए नगर निगम सचिवालय को पार्षदों से प्रश्न मंगाने नगर निगम सभापति प्रमोद दुबे ने आदेश जारी कर दिया है।*

# फार्मासिस्ट पंजीयन के लिए एग्जिट परीक्षा अक्टूबर के पहले सप्ताह में

## डिप्लोमा वालों के लिए अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

■ मेडिकल स्टोर्स खोलने वाले 90 फीसदी डी-फार्म डिप्लोमा वाले

दो साल की पढ़ाई के बाद डिप्लोमा हासिल करने वाले फार्मासिस्टों को पंजीयन के लिए एग्जिट परीक्षा दिलानी होगी। इसके लिए अक्टूबर माह में परीक्षा की तारीख तय कर दी गई है। डी-फार्म का डिप्लोमा लेने वाले 90 फीसदी लोग मेडिकल स्टोर्स खोलने वाले होते हैं, जिसके लिए फार्मासिस्ट का पंजीयन आवश्यक होता है। जानकारी के अनुसार, राज्य में हर साल सात हजार फार्मासिस्ट तैयार होते हैं, जिनमें साढ़े तीन हजार दो वर्षीय डी-फार्म के डिप्लोमा धारक होते हैं और शेष बी-फार्म का चार वर्षीय पाठ्यक्रम पूरा करते हैं। नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंस द्वारा डिप्लोमा इन फार्मेसी वालों के लिए एग्जिट एग्जामिनेशन अनिवार्य किया गया है, जिसकी तारीख तय कर दी गई है। प्रदेश में इसकी पहली परीक्षा 3, 4 एवं 5 अक्टूबर को होगी, जिसके लिए ऑनलाइन आवेदन 13 सितंबर तक कर सकेंगे। सूत्रों के अनुसार, सालभर में इस परीक्षा का आयोजन दो बार किया जाएगा और सफल होने वाले लोगों को ही फार्मासिस्ट पंजीयन के लिए मान्य किया जाएगा। सूत्रों का कहना है कि डी-फार्म की पढ़ाई अक्सर दवा दुकान खोलने के लिए की जाती है, जिसके बाद फार्मेसी पंजीयन आसान होता है। यह शिकायत काफी समय से आ रही थी कि घर बैठे बड़ी संख्या में लोड डिप्लोमा प्राप्त कर फार्मासिस्ट के रूप में अपना पंजीयन करा रहे हैं।

### शिक्षा का स्तर सुधरेगा

इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन के सचिव राहुल वर्मा का कहना है कि इससे फार्मेसी शिक्षा का स्तर गिर रहा है और बड़ी संख्या में फार्मेसी कॉलेज खुल रहे हैं। इस परीक्षा से फार्मेसी शिक्षा के गिरते स्तर को बचाया जा सकेगा।

# मार्ट में चोरी, सीसीटीवी फूटेज से हुआ खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पंडरी थाना क्षेत्र में स्थित रिलायंस मार्ट में लगातार चोरी करने के आरोप में पुलिस ने मध्यप्रदेश निवासी एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। सीसीटीवी फूटेज की पड़ताल के बाद पुलिस ने उसे धर दबोचा। आरोपी ने रिलायंस स्मार्ट मार्ट में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पुलिस के मुताबिक, चोरी के आरोप में अनूपपुर निवासी राजकुमार सोनी को गिरफ्तार किया गया है। चोरी की घटना को अंजाम देने राजकुमार मार्ट के अंदर बैग लेकर जाता था। गार्ड द्वारा बैग जमा करने के लिए कहने पर वह बैग में कीमती सामान होने का झांसा देता था और बैग मार्ट के अंदर ले जाकर दैनिक उपयोग के सामान चोरी कर उसमें छिपाकर रख लेता था। साथ ही दिखावे के लिए मार्ट से सामान खरीदी करता था। इस वजह से ट्रॉली में रखे सामान की जांच होती थी, बैग की जांच नहीं की जाती थी।



### सीसीटीवी फूटेज से पर्दाफाश

मार्ट में लगातार चोरी की घटना घटित होने के बाद प्रबंधन ने सीसीटीवी फूटेज की पड़ताल की तो एक व्यक्ति संदिग्ध लगा, जो जब भी आता था, अपने साथ बैग लेकर अंदर चला जाता था। इसके बाद प्रबंधन ने मार्ट के अंदर बैग ले जाने की वजह के बारे में जानकारी जुटाई तो उन्हें राजकुमार द्वारा बैग में कीमती सामान का बहाना बनाकर चोरी करने के बारे में जानकारी मिली।

# भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम मोदी के 'मन की बात'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' की 113वीं कड़ी रविवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में सुनी गई। इस मौके पर प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, मुरलीधर मोहोल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सरोज पांडेय, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, मंत्री केदार कश्यप, सदस्यता अभियान प्रभारी अनुराग सिंहदेव, विधायक गुरु खुशवंत साहेब, प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, महामंत्री संजय श्रीवास्तव, रामू रोहरा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व विधायक रजनीश सिंह, सौरभ सिंह, अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष नवीन मार्कण्डेय, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी, प्रदेश प्रवक्ता अमित साहू, अमरजीत सिंह छाबड़ा, उमेश घोरमोड़े, अमित मैशरी, सोमेश पांडेय, मितुल कोठारी, संदीप उपाकर, आदित्य कुरील, सौरभ कोतू, लोकेश पवार सहित वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

### शंकरनगर अंडरब्रिज में सुनी मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 113वें संस्करण को मंडल अंतर्गत बूथ क्रमांक 104 में शंकरनगर अंडरब्रिज में रविवार को श्रवण किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश के मंत्री किशोर महानंद, प्रदेश प्रवक्ता नलिनीश ठोकने, जोन अध्यक्ष प्रमोद साहू, मंडल अध्यक्ष अनूप खेलकर, पूर्व अध्यक्ष एवं मन की बात के मंडल प्रभारी विपिन पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय कश्यप, मंडल महामंत्री सुधीर चौबे, सुशील मंडल, मंडल उपाध्यक्ष एवं मन की बात के सहप्रभारी राधेश्याम बाघ, मंडल उपाध्यक्ष रामदास मानिकपुरी, हरिवंश वर्मा, राम प्रजापति आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# राजधानी की दर्जनों सड़कें बदहाल, गड्ढों के बीच हिचकोले खा रहे वाहन, पैदल चलना भी मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

■ बारिश में जगह-जगह उखड़ गई डामर की परत, बिखर रही बजरी, दुर्घटना का अंदेशा

राजधानी और उससे लगे आउटर के वार्डों की दर्जनभर से ज्यादा सड़कों की हालत बेहद खराब है। जगह-जगह गड्ढों के कारण वाहन चालकों को जहां खासी परेशानी उठानी पड़ रही है, वहीं राहगीरों, स्कूली बच्चों और रहवासियों को उबड़-खाबड़ मार्ग पर कीचड़ और गड्ढों में जमा गंदे पानी से होकर गंतव्य तक आना-पाना पड़ रहा है। पचपेड़ी नाका चौक, रिंगरोड नंबर-1 की सर्विस लाइन, रायपुरा चौक से सरोना बाइपास मार्ग और संतोषी नगर के दोनों तरफ के सर्विस रोड की हालत और भी बेहद खराब है। इससे आए दिन दुर्घटना होने का अंदेशा बना हुआ है। शहर में अमृत मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने, अंडरग्राउंड केबल के लिए सड़क खुदाई करने के कारण प्रमुख मार्ग और शहर के अंदरूनी इलाकों की सड़कों की हालत खस्ता है। आधे-अधूरे रेस्टोरेशन के कारण बारिश में जगह-जगह गड्ढे होने और डामर की परत उखड़ने से बजरी गिट्टी सड़क पर बिखरकर बाहर आ गई है।



### गोलबाजार की गलियों में पैदल चलना मुश्किल

*गोलबाजार में पाइपलाइन बिछाने सड़क व गलियों में खुदाई के बाद सही तरीके से रेस्टोरेशन कार्य नहीं कराने से जगह-जगह गंदा पानी भरा हुआ है। तंग गलियों से बाजार में आने-जाने वालों को परेशानी हो रही है। त्योहारी सीजन में यहां गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। मटका लाइन, अनाज लाइन, दोना पतल लाइन में कमोबेश यही स्थिति है।*

### प्रियदर्शिनी नगर अंडरब्रिज के पास

*प्रियदर्शिनी नगर के पास अंडरब्रिज पर मुख्य मार्ग वाली सड़क पर पानी भरा हुआ है। कीचड़ और उखड़ी हुई गिट्टी के बीच लोगों को आने-जाने में बहुत परेशानी उठानी पड़ रही है।*



हरिभूमि

रायपुर, सोमवार 26 अगस्त 2024

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937









**कान्हा आगमन की तैयारी...**

*रायपुर। कान्हा जन्मोत्सव से एक दिन पहले शहर के बाजार में रौनक रही। लड्डू गोपाल के लिए झूले खरीदने से लेकर रंग-बिरंगे परिधान, बांसुरी और मुकुट भक्तों ने खरीदी। मंदिर के लिए सजावटी वस्तुओं की भी खरीदी हुई। गोलबाजार से लेकर शहर के अन्य बाजारों में भी ग्राहकों की आवाजाही देर रात तक बनी रही।*



**लाइव इवेंट**

## अर्जुन का अर्थ ज्ञान अर्जन करने वाला, यही सार्थकता



**रायपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा जन्माष्टमी के अवसर पर झांकी सजाई गई। जिसमें संस्थान के बाल कालाकारों द्वारा महारास और श्रीकृष्ण का तुलादान नामक नृत्य नाटिक की प्रस्तुति दी गई। राजधानी संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने कहा, अर्जुन का अर्थ ज्ञान अर्जन करने वाला होता है। श्रीकृष्ण जयंती और गीता की सार्थकता इसी में है कि प्रत्येक व्यक्ति अर्जुन बने और गीता का विवेचन कर जीवन में आत्मसात करने का प्रयास करे। कोई भी व्यक्ति किसी का शत्रु नहीं होता है। इसका स्पष्ट उल्लेख श्रीमदभगवद् गीता में मिलता है। जिसमें लिखा है कि मनुष्य के अंदर व्याप्त काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार ही उसके शत्रु हैं। जब हम इन विकारों पर विजय प्राप्त कर लेंगे, तब हम सुख और शांति से रह सकेंगे।

### झांकी में श्रीकृष्ण की बाल लीला

दो दिवसीय झांकी का समापन आज होगा, जिसमें श्री कृष्ण के बाल स्वरुप का वर्णन किया गया है। इसमें श्री कृष्ण अपने सखाओं के साथ रास रचाते नजर आ रहे है। साथ ही कृष्ण के युवा स्वरुप को भी दर्शाया गया है, जिसमें वह अपने राजा स्वरुप में विराजमान हैं। झांकी में कई देवी-देवताओं की भी प्रतिमा तैयार की गई है। इसके साथ ही रोजाना शाम को संस्था सदस्यों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी जा रही हैं।

**कैंपस इवेंट**

## मोबाइल, टीवी और लैपटॉप बच्चों के लिए पूतना की तरह



रायपुर। नूतन स्कूल टिकरापारा में जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर स्कूली बच्चों के लिए रोचक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भगवान श्री कृष्ण के बचपन के चरित्र से बच्चों को अवगत कराकर सामाजिक जिम्मेदारी और व्यक्तिगत सहभागिता के लिए प्रेरित करना था। मुख्य वक्ता शाला संचालक केएम अग्रवाल ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण का सभी बच्चों के लिए आदर्श है। उनके युग में पूतना, बकासुर और अघासुर जैसे प्रदूषित मानसिकता वाले लोग थे। आज पूतना, बकासुर और अघासुर का रूप मोबाइल, टीवी और लैपटॉप ने लिया है। वे बच्चों के बचपन को छीनने का काम कर रहे हैं।

### माया की करें सफाई

बच्चों को सीख देते हुए शिक्षकों ने कहा कि इन सब राक्षसों से भगवान श्री कृष्ण प्रभावित नहीं हुए, बल्कि उनकी माया को मात देकर उनका सफाया किया है। बच्चों को आज मोबाइल और टीवी की माया में फंसकर अपना जीवन प्रभावित नहीं करना है। इस माया के घातक परिणाम बच्चों पर हो रहे हैं। बच्चे खेलना भूल गए हैं, रिश्ता निभाना भूल गए हैं। कार्यक्रम में बच्चे सज-धजकर, श्री कृष्ण और राधा रानी की वेशभूषा में पहुंचे रहे। कार्यक्रम का संयोजन प्राचार्य डॉ.ममता पांडे ने किया। उप प्राचार्य सुनीता रायकवार, स्वप्न चटर्जी सहित समस्त शैक्षणिक व गैर-शैक्षणिक स्टाफ इस दौरान उपस्थित रहा।

**सिटी इवेंट**

## कृष्ण-राधा बनकर बांटी तीज की खुशियां, ब्रज सा अहसास



**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल के चौबे कालोनी केंद्र की महिलाओं ने रविवार को हरतालिका आवरण का आयोजन किया। इस दौरान केंद्र की महिलाएं हरे रंग के ड्रेस कोड में पहुंची। इस दौरान मनोरंजन कार्यक्रमों के साथ दो हाउजी गेम खिलाए गए, जिसका महिलाओं ने खूब आनंद लिया। जिसमें 30 से 50 आयु वर्ग में भावना पिपले और 50 से अधिक में मनीषा वरवंडकर को श्रावण सुंदरी चुना गया। वहीं महिलाओं के लिए मोमबत्ती और सिक्के वाले दो हाउजी गेम खिलाए गए। मोमबत्ती वाले गेम में प्रथम अपर्णा कालेले और सिक्के वाले गेम में राजश्री बर्वे विजेता रहीं।

### तीज व जन्माष्टमी सेलिब्रेशन एक साथ

महाराष्ट्र मंडल के वल्लभ नगर केंद्र की महिलाओं ने रविवार को हरतालिका तीज और कृष्ण जन्माष्टमी पर्व एक साथ सेलिब्रेट किया। वहीं कृष्ण-राधा का रूप धरकर पहुंचीं आजीवन सभासदों ने आयोजन स्थल पर ब्रज का अहसास कराया। वल्लभ नगर केंद्र की संयोजिका माधुरी गाडगिल ने बताया कि कार्यक्रम में सर्वप्रथम सुहाग की वस्तुएं जैसे चूड़ी, बिंदी, मेहंदी, तीज आदि शब्दों पर हाउसी खेली गई। इसमें प्रथम मेघा ऋषि, द्वितीय शुभांगी आप्टे, तृतीय कंचन पुसदकर रहीं।

**● इस्कॉन में रविवार से प्रारंभ हुआ जन्मोत्सव, खाटू श्याम मंदिर, राधा-कृष्ण मंदिर भी सजे**

# कोलकाता के फूलों से सजा श्रीधाम, वृंदावन से आए वस्त्र धारण करेंगे कान्हा, रात्रि 10 बजे होगा योगमाया का जन्म

"शहर के इस्कॉन मंदिर में जहां रविवार से तीन दिवसीय जन्माष्टमी महा महोत्सव की श्रृंखला शुरू हो गई। पहले दिन कोलकाता से मंगाए गए सेवंती, रातरानी, गुलाब और मोंगरे के फूलों से श्री राधा रासबिहारी के श्रीधाम को सजाया गया। मंगल आरती, पूजा-पाठ का सिलसिला दिनभर चला। शाम को बाल महोत्सव के लिए सजाए गए स्टेज पर विभिन्न एज ग्रुप के बच्चों ने लड्डू गोपाल, कृष्ण और राधारानी के वेश में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में शिरकत की। भक्तिमय गीतों पर ग्रुप डांस भी पेश किया। वहीं श्याम खाटू, गोपाल मंदिर व महामाया मंदिर में भी जन्माष्टमी उत्सव के लिए तैयारी को अंतिम रुप दिया गया।

रायपुर। राजधानी के मंदिरों में जन्माष्टमी आज मनाई जाएगी। टाटीबंध स्थित इस्कॉन मंदिर में 25 अगस्त से तीन दिवसीय श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव नए मंदिर परिसर में शुरू हुआ। फूलों श्रीधाम सजाने के बाद मुंबई और वृंदावन से मंगाए गए वस्त्र और सामग्री से श्रृंगार किया गया। महोत्सव का उद्घाटन मंदिर के अध्यक्ष एचएच सिद्धार्थ स्वामी, उपाध्यक्ष सुलोचन कृष्ण दास और जनार्दन दास ने किया। अध्यक्षता फेस्टिवल कमेटी के चेयरमैन राजेश अग्रवाल और वाइस चेयरमैन शुभम सिंघल ने की। इसके बाद शाम को बाल उत्सव प्रतियोगिता में शाम 5 बजे से धूम मचाने के लिए अलग-अलग एज ग्रुप के प्रतिभागी परिवार के साथ आयोजन स्थल पहुंचे।



**महामाया मंदिर : योगमाया फिर कृष्ण जन्मोत्सव**

### शाम 4 बजे श्रीकृष्ण झांकी दर्शन

समता कॉलोनी स्थित राधाकृष्ण मंदिर में जन्माष्टमी उत्सव का शुभारंभ सुबह 9 बजे दुग्धाभिषेक से होगा। मंदिर के प्रचार-प्रसार प्रभारी सत्येंद्र अग्रवाल ने बताया कि इस धार्मिक पर्व को यादगार बनाने के लिए कोलकाता के हुनरमंद कारीगरों द्वारा प्रतिमा एवं संपूर्ण मंदिर परिसर का आकर्षक श्रृंगार किया जा रहा है। शाम 4 बजे श्रीकृष्ण का झांकी दर्शन प्रारंभ हो जाएगा। बड़े कोसरिया यादव समाज द्वारा न्यू शांति नगर स्थित भगवान श्रीराधाकृष्ण एवं दक्षिणमुखी सिद्ध हनुमान मंदिर में सुबह 7.30 बजे से आरती, सुबह 10 बजे से रात्रि 11.30 बजे तक भजन-कीर्तन अंचल की प्रसिद्ध मंडलियों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा।





*पुरानी बस्ती के श्री महामाया मंदिर में सोमवार को दिनभर उत्सव का माहौल रहेगा। पुजारी मनोज शुक्ला ने बताया कि रात 10 बजे से पहले योगमाया का प्राकट्य उत्सव मनाया जाएगा। इसके बाद कृष्ण जन्मोत्सव को भी परंपरागत रुप से मनाया जाएगा। भक्तिमय माहौल देने के लिए स्थानीय भजन गायकों द्वारा संगीतमय प्रस्तुति दी जाएगी। श्री गोपाल मंदिर में सुबह 10.30 बजे राजयोग आरती से उत्सव का शुभारंभ होगा। रात 12 बजे जन्मोत्सव के बाद पंचामृत स्नान एवं महाआरती होगी। संजय कश्यप की टोली भजन प्रस्तुति देगी।*

### श्याम खाटू का अभिषेक प्रातःकाल, धारण करेंगे जरीदार कपड़े

*समता कॉलोनी स्थित श्री श्याम खाटू मंदिर में जन्मोत्सव की परंपरा भक्तिमय माहौल में सुबह 10 से 12 बजे के बीच अभिषेक से शुरू होगी। खाटू श्याम के धाम को सजाने के लिए कोलकाता से फूलों की खेप मंगाई गई है। उनके लिए विशेष तौर से तैयार जरी वर्क वाले डिजाइन किए गए वस्त्र एवं आभूषण भी मंगाए गए हैं। मंदिर के पुजारी राजेश शर्मा ने बताया कि झूला भी सजेगा। रात 8 से 12 बजे तक स्थानीय भजन गायकों द्वारा संगीतमय प्रस्तुति दी जाएगी। रात 12 बजते ही जन्मोत्सव शुरू होगा व भक्त भी आरती-पूजन में शामिल होंगे।*



### श्याम रुप में फैंसी ड्रेस व नृत्य

नव निर्मित मंदिर के पास सजाए गए स्टेज पर कृष्ण, सुदामा व राधारानी के वेश में छोटे बच्चों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के दौरान अनोखे अंदाज में प्रस्तुति दी। 12 साल की उम्र वाले प्रतिभागियों ने गीता उपदेश व श्लोक वाचन करते हुए लोगों के बीच फैंसी ड्रेस में अलग छाप छोड़ी। इसके बाद 14 से 18 साल के प्रतिभागियों ने रीमिक्स भक्ति गीतों पर मनमोहक प्रस्तुति देते हुए लोगों को मंत्रमुग्ध किया। इसमें स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों ने ज्यादा उत्साह दिखाया। यह सिलसिला रात 10 बजे तक चलता रहा।

### तड़के 4.30 बजे प्रारंभ होगा पूजन-अनुष्ठान

सोमवार को सुबह 4.30 बजे से पूजन-अनुष्ठान शुरू होगा, जो रात एक बजे तक चलेगा। मीडिया प्रभारी दिलीप केडिया व राजेन्द्र पारख ने बताया कि मंगल व तुलसी आरती के बाद गुरू पूजा होगी। श्री कृष्ण बाल लीला गुणगान, राजभोग अर्पण, राजभोग व उत्थापन आरती और प्रसाद वितरण, कलश अभिषेकम, महाअभिषेकम, छप्पन भोग अर्पण के बाद रात एक बजे महाआरती होगी। कलश अभिषेकम के लिए सुलोचन कृष्ण प्रभु से भक्त संपर्क कर सकते है। दूसरी तरफ राजनांदगांव के प्रसिद्ध भजन गायक निखिल-श्याम द्वारा संगीतमय भजन पेश किया जाएगा। महोत्सव में होने वाली आकर्षक प्रस्तुति के लिए नव निर्मित मंदिर के पास पांच हजार लोगों की बैठक व्यवस्था वाला डोम बनवाया गया है।

**कार्नर न्यूज**



**विप्र समाज का तीज महोत्सव : प्रदेशभर से पहुंची ब्राह्मण समाज की महिलाएं**

# दुल्हन सा श्रृंगार कर पहुंची तीज क्वीन बनने नृत्य कौशल का प्रदर्शन, 60 वर्षीय महिलाएं भी थिरकीं



**रायपुर।** प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में उतार-चढ़ाव आता रहता है, कभी खुशी के बादल तो कभी गम के आंसू देखने को मिलते हैं। यह कहना 61 वर्षीय सुनिता शर्मा का है। जिन्होंने विभिन्न प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर पदक हासिल किए और अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बनी। सुनिता शर्मा ने बताया, मेरी उम्र अधिक है। लेकिन मैं अपने जीवन को मस्ती के साथ जीना पसंद करती हूं। शक्ति छत्तीसगढ़ी विप्र महिला समाज द्वारा रविवार को तीज महोत्सव पर्व मनाया गया, जहां समाज की



महिलाएं एकत्र हुईं और अपने अनुभव बांटे। बजरंग नगर स्थित विप्र भवन में यह आयोजन किया गया। इस दौरान एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य, तीज क्वीन, सोलह श्रृंगार प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहां 100 से अधिक महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजन में कवियत्री डॉ.संध्यारानी शुक्ला ने कई हास्य कविताओं की प्रस्तुति दी। इसमें कई पति-पत्नि के जीवन पर आधारिक हास्य कविताओं को शामिल किया गया। अध्यक्षता प्रीति शुक्ला ने की।

### लोकप्रिय गानों पर नृत्य की प्रस्तुति

कान्हा सो जा जहा.., ऐ गौरी ऐ गौरी वो...जैसे भक्ति गानों पर लगातार महिलाओं द्वारा एकल व सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। जिसमें महिलाएं राजस्थानी, मड़वाड़ी, छत्तीसगढ़ी, गुजराती, मराठी संस्कृति के अनुसार परिधान में नजर आईं। आयोजन में कुछ महिलाएं सोलह श्रृंगार प्रतियोगिता के लिए दुल्हन की वेशभूषा में नजर आईं।

### लोकगीतों पर थिरकी महिलाएं

सरिता दीवान व स्वाति शर्मा द्वारा सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। 40 वर्ष से अधिक की उम्र होने के बाद भी शानदार प्रस्तुति ने दर्शकों को आकर्षित किया। इस अवसर पर दर्शकों की तालियों की गूंज सभागार में सुनाई देती रही। छुनूर-छुनूर पायल बाजे, रे ढोल नगाड़ा... छत्तीसगढ़ी गीत पर भी प्रस्तुति दी गई।

### दुर्ग-भिलाई से भी पहुंची महिलाएं

एक दिवसीय कार्यक्रम में भिलाई, दुर्ग, धमतरी व बेमेतरा से समाज की महिलाएं भी उपस्थित रही। संस्था की पूर्व अध्यक्ष विभा तिवारी सहित अन्य महिलाओं ने तीज पर्व संबंधित कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। जिसमें माता पार्वती व शिव के अनंत प्रेम गाथा को बताया गया। साथ ही महिलाओं को तीज व्रत की जानकारी दी गई। इस दौरान मीनाक्षी मिश्रा, उषा दुबे, सुनीता मिश्रा, कुसुम शर्मा, शकुन शर्मा, विजयलक्ष्मी मिस्रा, मीरा दुबे, सुषमा विवेक तिवारी मुख्य रुप से उपस्थित रही।

लाइव इवेंट

## नंदनवन प्रबंधन ने बताया, कैसे कर सकते हैं जीवों की देखभाल



**रायपुर।** दुर्ग जिले के सांकरा स्थित महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी ऑफ हॉर्टिकल्चर एंड फॉरेस्ट्री के कॉलेज ऑफ फॉरेस्ट्री एंड रिसर्च स्टेशन में बीएससी फॉरेस्ट्री तृतीय वर्ष में अध्ययनरत 33 विद्यार्थियों और 3 सहायक प्राध्यापकों ने राजधानी के नंदनवन जंगल सफारी का सफल शैक्षणिक भ्रमण किया। इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को वन्यजीव स्वास्थ्य प्रबंधन, जैव विविधता संरक्षण के प्रयासों, और वन्यजीव अभ्यारण्यों के परिचालन दिशा-निर्देशों की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था। उन्हें जंगल सफारी के विभिन्न पहलुओं से परिचित कराया गया।

### जानवरों का किया जाता है पुनर्वास

जैव विविधता संरक्षण प्रयास के तहत छात्रों को नंदनवन जंगल सफारी द्वारा किए जा रहे विभिन्न संरक्षण प्रयासों की जानकारी दी गई। इसमें वन्यजीवों के पुनर्वास, प्रजातियों के संरक्षण और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के प्रयास शामिल थे। वेटरनरी अस्पताल में विद्यार्थियों को वन्यजीवों के स्वास्थ्य देखभाल के बारे में जानकारी देने के लिए वेटरनरी अस्पताल का भ्रमण कराया गया। यहां उन्हें जानवरों के उपचार, स्वास्थ्य प्रबंधन और पुनर्वास प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया।

सिटी लाइव

## समाज व राष्ट्र रक्षा का वचन प्रस्तुतियों में संस्कृति की झलक



**रायपुर।** वनवासी विकास समिति द्वारा रक्षा बंधन और शबरी स्नेह महोत्सव मनाया गया। रोहणीपुरम स्थित शबरी कन्या आश्रम परिसर में यह आयोजन हुआ। इस अवसर शबरी कन्या छात्रावास की छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में उपस्थित पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, एनआईटी और आयुर्वेदिक चिकित्सा महाविद्यालय के प्राध्यापकों तथा महागर से पधारे गणमान्य आगंतुकों को रक्षा का स्नेह सूत्र बांधकर समाज और राष्ट्र की रक्षा का वचन लिया। इस कार्यक्रम में कार्यक्रम शबरी पुस्तक का विमोचन किया गया जो शबरी कन्या आश्रम की बहनों द्वारा रचित है।

### प्रत्येक पर्व का होता है सामाजिक महत्व

शबरी कन्या आश्रम की अधीक्षका अस्मिता ने छात्रावास का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि श्रीमती किरण ने इस अवसर पर कहा कि एक संगठन के रूप में जनजातीय समाज के सर्वांगीण विकास के लिए जो प्रयास किए जा रहे हैं, वे हम सभी के लिए अनुकरणीय हैं। देश में कोई भी ऐसा दूसरा संगठन नहीं है, जो इतने व्यापक रूप से पूरे देश में जनजातीय समाज के विकास और उन्नति के लिए कार्य कर रहा हो। मुख्य वक्ता प्रांत संगठन मंत्री रामनाथ कश्यप ने रक्षाबंधन के सामाजिक महत्व को रेखांकित किया।

कैंपस इवेंट

## तक्षशिला में अब 100 की जगह 200 एमबीपीएस स्पीड इंटरनेट



**रायपुर।** मोतीबाग स्थित तक्षशिला में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को अब ऑनलाइन टेस्ट में असुविधाओं का सामना नहीं करना पड़ेगा। जिला प्रशासन द्वारा लाइब्रेरी के छात्र-छात्राओं को बेहतर इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। नालंदा परिसर प्रबंधन सोसायटी के नोडल अधिकारी केदार पटेल ने बताया कि तक्षशिला लाइब्रेरी में पहले 100 एमबीपीएस की स्पीड से फ्री इंटरनेट की सुविधाएं प्रदान की जाती थी, लेकिन इसे बढ़ाकर 200 एमबीपीएस की स्पीड कर दी गई है। इससे डबल स्पीड से पढ़ाई हो सकेगी और ऑनलाइन टेस्ट सीरीज के प्रश्नों को हल करने में बहुत सुविधा होगी।

### प्रत्येक 15 दिन में नई किताबें

नालंदा परिसर लाइब्रेरी की तरह ही 24 घंटे 7 दिन संचालित होने वाले तक्षशिला लाइब्रेरी मोतीबाग का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस वर्ष 10 मार्च को किया गया था। इसका संचालन कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह की अध्यक्षता में गठित नालंदा परिसर प्रबंधन सोसायटी द्वारा किया जा रहा है। इस लाइब्रेरी में एक साथ 800 छात्र पढ़ाई कर सकते हैं। लाइब्रेरी में सभी प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए 10,000 से अधिक पुस्तकें उपलब्ध हैं तथा सदस्यों की मांग पर प्रत्येक 15 दिन में नई पुस्तकें उपलब्ध कराई जा रही हैं। ऑनलाइन अध्ययन के लिए 35 आधुनिक कम्प्यूटर सिस्टम भी लाइब्रेरी में हैं।

रेंटल बाजार में अब महंगी लग्जरी कार की भी मांग, ऑडी व बीएमडब्लू का एक दिन का किराया 20 हजार तक

# शादियों व सैर-सपाटे के लिए चाहिए लग्जरी कार, दिल्ली से फॉर्च्यूनर और मुंबई से पहुंच रही मर्सिडीज ई-क्लास

महानगरों की तर्ज पर राजधानी में भी अब किराए में महंगी व लग्जरी कार की मांग बढ़ गई है। ज्यादातर लोग शादियों और घूमने के लिए किराए में अब सामान्य कार की जगह पर ऐसी कार की मांग कर रहे हैं, जिसकी कीमत बाजार में करोड़ों में हैं। लोगों की मांग पर व्यवसायी मुंबई, दिल्ली, कोलकाता और नागपुर से फॉर्च्यूनर, ऑडी व बीएमडब्लू जैसी लग्जरी कार की टॉप मॉडल मंगवा रहे हैं। इन गाड़ियों का एक दिन का किराया 20 हजार तक है। इसके बाद भी इनकी मांग में कोई कमी नहीं आई है।

**रायपुर।** शहर स्थित कार रेंटल के संचालक विकास अग्रवाल ने बताया कि शहर के राजधानी में बड़ी कंपनी की गाड़ियों की मांग शादी के सीजन में अधिक होती है। अभी तक हाई प्रोफाइल शादियों में दूसरे राज्यों से महंगी कार बीते दो सालों से मंगाई जाती रही है। उन्होंने बताया कि यह सभी टॉप मॉडल कारों की कीमत करोड़ों में होती है, जिसे हर व्यक्ति खरीद सके यह भी संभव नहीं है। इसलिए रेंट में ऐसी कार की मांग बढ़ने लगी है। रायपुर में शौकिया रूप में भी लोग बारात के लिए महंगी कार घंटों के अनुसार किराए में खरीद रहे हैं।






### ऐसा है 'कार का किराया'

- ऑडी क्यू-7 25 हजार
- ऑडी ए-4 20 हजार
- मर्सडीज ई क्लास - 18 हजार
- फॉर्च्यूनर - 15 हजार
- बीएमडब्ल्यू - 17 हजार
- जगुआर एक्सएफ -15 हजार से अधिक

### सैर-सपाटे के लिए 10 सीटर ऑडी की मांग



शहर में सैर-सपाटा के लिए भी लोग किराए में महंगी कार की बुकिंग करवा रहे हैं। रिंग रोड स्थित एक कार रेट शॉप के संचालक आनंद श्रीवास्तव ने बताया कि 10 सीटर की ऑडी की मांग घूमने के ज्यादा है। कई युवा भी वीकेंड के लिए इस तरह की कारें लेना पसंद करते हैं। वेडिंग सीजन में जगुआर, मिनी कूपर सहित कई अन्य कंपनियों की गाड़ियों की डिमांड रहती है। यह रेंटल ट्रेंड बीते दो साल में तेजी से बढ़ा है। इससे पहले तक महीने में इक्का-दुक्का ही बुकिंग होती थी। शहर में हुए इन्वेस्टर समिट में आए मेहमानों के लिए बड़ी संख्या में लग्जरी कारें रेंट पर ली गई थीं।




### 7 दिन पहले करानी पड़ती है बुकिंग

कार रेंट संचालकों ने बताया कि महंगी व लग्जरी कार की बुकिंग 7 दिन पहले करनी पड़ती है, जिसके बाद दूसरे राज्यों से कार आती है। लोगों में कंपनी के साथ कार में पसंदीदा रंग को लेकर भी मांग देखने को मिल रही है। इस सीजन में 30 से अधिक लोगों की बुकिंग रायपुर और बिलासपुर में कारों को लेकर रही। मांग के अनुसार दिल्ली व मुंबई से भी लग्जरी गाड़ियां बुलाई गई। ट्रेव्हल एजेंट एसोसिएशन का कहना है कि मर्सडीज और बीएमडब्ल्यू का एवरेज प्रति लीटर 8 से 10 किलोमीटर होता है। यह गाड़ियां किराए में महंगी होने के साथ ही चलाने में खर्चीली है। ज्यादातर लोग अपनी शान बढ़ाने एक दिन के लिए किराए से लेते हैं।

## विचार और भावनाओं के बाद अपनी क्रिया से कर सकते हैं लोगों को सम्मोहित, यह एक तरह की कला

**रायपुर।** रोटरी क्लब ऑफ एलिगेंस द्वारा 'हिप्नो पेरेंटिंग : सम्मोहन से संस्कार तक' विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दो दिवसीय कार्यशाला का समापन रविवार को मैक सभागार में हुआ। इस दौराम मुख्य रुप से हिप्नोटिस्ट एवं काउंसलर नवनाथ गायकवार उपस्थित रहे। जिन्होंने लाइव कार्यक्रम में लोगों को हिप्नोटाइस्ट किया। दोपहर तीन बजे से आयोजित कार्यक्रम में भारी संख्या में परिजनों व बच्चों की भीड़ देखने को मिली। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति को अपने वश में करना एक कला है, जो किसी अनुभवी व्यक्ति द्वारा ही किया जा सकता है। कार्यक्रम में पूर्ण सुरक्षा के साथ परिजन व बच्चों को आमंत्रित किया गया। इस दौरान पालकों को पैरेंटिंग संबंधित सलाह दी गई, साथ ही विभिन्न क्रियाओं के साथ हिप्नोटाइज भी किया गया। दो दिवसीय कार्यशाला में हिप्नोटिस्ट ने उपस्थित दर्शकों को हिप्नोटाइज्ड भी किया। आयोजन में उपस्थित कई दर्शकों के लिए यह दृश्य आकर्षित करने वाला रहा।






### हिप्नोटिज्म से नहीं होती कोई हानि

हिप्नोटिस्ट नवनाथ गायकवार ने उपस्थित दर्शकों को मंच पर आमंत्रित किया। जिसके पश्चात विभिन्न कलाओं द्वारा नवनाथ ने लोगों को हिप्नोटाइज करना शुरु किया। हिप्नोटिस्ट ने बताया, इस क्रिया से व्यक्ति को किसी भी प्रकार से हानि नहीं होगी। इससे व्यक्ति का चिड़चिड़ापन, गुस्सा, रोना जैसे स्वभआव व नींद में कमी से तनाव, बीपी, शुगर जैसे अनेक बीमारियों से छुटकारा पाया जा सकता है। इसके लिए उपस्थित लोगों को हिप्नोटिस्ट की बातें फॉलो करने की बात कही गई।

### बच्चों के सामने करें सकारात्मक बातें

किसी भी व्यक्ति को वश में करने के लिए तीन मुख्य बातों का ध्यान होना चाहिए। इसमें थॉट, इमोशन के मेल के बाद व्यक्ति एक्शन मायने रखता है। जिसका एक उदाहरण सभागार में लोगों को देखने को मिला। जिसमें लोग हिप्नोटिस्ट की बातों को मानकर उनका अनुसरण करते नजर आए। कार्यशाला में काउंसलर ने परिजन व बच्चों के साथ चर्चा की। उन्होंने कहा, माता-पिता को बच्चों के सामने केवल सकारात्मक विचारों को व्यक्त करना चाहिए, ताकि बच्चे अपने जीवन में सकारात्मक सोच के साथ रह सकें। बच्चों में सुधार लाने से पहले माता-पिता खुद में बदलाव लाएं। बच्चों की जिन आदतों से आप परेशान हैं, उसे पहले आप बदलें। बच्चे हमेशा अपने बड़ों को देखकर सीखते हैं। बच्चों को समझने के लिए उनसे दोस्ती करनी चाहिए, वर्तमान में बच्चे अपने अनुसार रहना अधिक पसंद करते हैं। माता-पिता का यह दायित्व है कि वह बच्चों को सही राह दिखाए।



## आध्यात्मिक अनुष्ठान खोलते हैं सिद्धि द्वार, बढ़ता है प्रेम प्रवाह

**रायपुर।** मंत्र जहां साधक के जीवन में आध्यात्मिकता का विकास करता है, वहीं आधि-व्याधि-उपाधि से निजात दिलाता है। शारीरिक, मानसिक कष्टों को भी काटता है। पारिवारिक, सामाजिक माहौल में भी सौहार्द, सामंजस्य, मैत्री, प्रेम के प्रवाह को प्रवाहित करने में सहायक बनता है और इसे बढ़ाता है। उपरोक्त विचार मुनिश्री सुधाकर ने श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा द्वारा आयोजित 'णमोत्थुणं अनुष्ठान' में कही। टैगोर नगर स्थित श्री लाल गंगा पटवा भवन में यह आयोजन हुआ। अनुष्ठान में तीर्थंकर परमात्मा के 1008 नामो का समुच्चारण करते हुए णमोत्थुणं कल्प के मंत्रों का उच्चारण किया गया।

### बेंगलुरू, चेन्नई से भी पहुंचे जैन बंधु

इस विशेष अनुष्ठान में 950 से अधिक जैनों के साथ जैनेतर बंधुओं ने भी सहभागिता दर्ज करवाई। लगभग 2:30 घंटे चले इस विशेष अनुष्ठान में रायपुर के साथ-साथ चेन्नई, बेंगलुरू, राजनांदगांव, दुर्ग, भिलाई, अंबिकापुर, मनेन्द्रगढ़, कवर्धा, सरायपाली, टिटलागढ़, धमतरी सहित अनेक क्षेत्र के लोगों ने सहभागिता निभा अनुष्ठान किया। मंगलाचरण तेरापंथ महिला मंडल, स्वागत तेरापंथ सभा के सदस्यों सहित गौतम गोलछा, चंद्रकांत लूंकड, मनीष नाहर सहित अन्य सदस्य शामिल रहे। अनुष्ठान के पश्चात तपस्वी कमल ललवानी, शोभा सेठिया, अरुण सिपानी, सोनम बरलोटा की तपस्या का प्रत्याखान करवाया गया।

रविवार को हुई प्रयोगशाला सहायक एवं प्रयोगशाला तकनीशियन भर्ती परीक्षा

कार्नर न्यूज

# दो पालियों में ली व्यापम ने प्रयोगशाला के लिए परीक्षा दोनों में ही हाजिरी 50% से कम, औसत रहे सवाल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा रविवार को प्रयोगशाला सहायक एवं प्रयोगशाला तकनीशियन भर्ती परीक्षा का आयोजन दो पालियों में किया गया। प्रथम पाली में प्रयोगशाला सहायक भर्ती परीक्षा पूर्वान्ह में एवं द्वितीय पाली में प्रयोगशाला तकनीशियन भर्ती परीक्षा का आयोजन अपरान्ह में किया गया। प्रयोगशाला सहायक भर्ती परीक्षा के लिए एक लाख कैंडिडेट्स ने फॉर्म भरा था। इनमें से 45.23 प्रतिशत अभ्यर्थी ही उपस्थित रहे। वहीं प्रयोगशाला तकनीशियन भर्ती परीक्षा के लिए 75 हजार ने आवेदन किया था। इनमें लगभग 41.60 प्रतिशत अभ्यर्थी उपस्थित रहे। इस तरह दोनों ही परीक्षाओं में उपस्थिति प्रतिशत 50% से कम रहा। परीक्षा देकर निकले अभ्यर्थियों और विशेष विशेषज्ञों के अनुसार, सवाल औसत रहे।





### वन संरक्षक भर्ती परीक्षा 22 सितंबर को

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा मुख्य वन संरक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन 22 सितंबर को किया जाएगा। वनरक्षक के पद के लिए कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक, छत्तीसगढ़ के वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन भरे गए थे। इसके पश्चात विभागीय शारीरिक दक्षता परीक्षण उपरांत पात्र अभ्यर्थियों के लिए लिखित परीक्षा व्यापम लेगा। लिखिल परीक्षा के लिए पात्र अभ्यर्थियों के लिए व्यापम वेबसाइट के लिंक में जाकर पंजीयन करना आवश्यक होगा। परीक्षा जिला का चयन करना भी उनके लिए अनिवार्य होगा।

### आवेदन नहीं करने पर होंगे वंचित

व्यापम पंजीयन नंबर व परीक्षा जिला के चयन के आधार पर ही लिखित परीक्षा के लिए अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र जारी किया जाएगा। जिस अभ्यर्थी द्वारा व्यापम के वेबसाइट में पंजीयन नहीं किया जाएगा, उन्हें कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक, छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार लिखित परीक्षा से वंचित माना जाएगा व जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी अभ्यर्थी के स्वयं की होगी तथा इस सम्बंध में कोई पत्राचार स्वीकार नहीं होंगे। अभ्यर्थी द्वारा पूर्व में जमा किए गए ऑनलाइन आवेदन पत्र में किसी भी तरह का सुधार या संशोधन किए जाने की अनुमति नहीं होगी। पंजीयन और जिला चयन के लिए व्यापम ने 23 अगस्त को पोर्टल खोल दिया है। 8 सितंबर तक अभ्यर्थियों को इसे भरना होगा। इसके पश्चात 16 सितंबर को प्रवेशपत्र जारी कर दिए जाएंगे।

### बीए-बीएससी बीएड काउंसिलिंग अगले माह

व्यापम द्वारा बीए बीएड और बीएससी बीएड प्रवेश परीक्षाओं के परिणाम जारी कर दिए गए हैं। इसके बाद काउंसिलिंग शेड्यूल अगले सप्ताह जारी होने की संभावना है। व्यापम ने यह परीक्षा 9 जून को आयोजित की थी। इसके बाद 28 जून को मॉडल आंसर जारी कर 5 जुलाई तक दावा-आपत्ति मंगाई गई थी। इसके बाद 23 अगस्त को अंतिम परिणाम जारी किए गए।

## सिटी स्पोर्ट्स

### अंडर-19 वन डे क्रिकेट में उपेंद्र, गर्व और विवेक की शानदार पारी



**रायपुर।** क्रिकेट एसोसियेशन ऑफ पुदुच्चेरी द्वारा इंटर स्टेट अंडर-19 वन डे क्रिकेट टुर्नामेंट 2024 का आयोजन 21 अगस्त से जारी है। प्रतियोगिता के अंतर्गत छत्तीसगढ़ की टीम का फाइनल मैच रविवार को पुदुच्चेरी में पुदुच्चेरी अंडर-19 टीम ए के विरुद्ध खेला गया। पुदुच्चेरी अंडर-19 टीम ए ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 50 ओवरों में 6 विकेट खोकर 292 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से गर्व सिंह ने 79 रन, कप्तान उपेन्द्र यादव ने 74 रन तथा विवेक यादव ने नाबाद 54 रन बनाये। पुदुच्चेरी अंडर-19 टीम ए की ओर से राघवन ने 4 विकेट प्राप्त किये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पुदुच्चेरी अंडर-19 टीम ए ने 48.2 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 293 रनो का लक्ष्य प्राप्त कर लिया। पुदुच्चेरी की ओर से आदर्श पाटिल ने 62 रन तथा अभिनयन ने 59 रनों का पारी खेली तथा अपनी टीम की जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया। छत्तीसगढ़ की ओर से धनंजय नायक ने 3 विकेट तथा उपेन्द्र यादव ने 2 विकेट प्राप्त किए। पुदुच्चेरी अंडर 19 टीम ए ने 3 विकट से मैच जीत लिया।

### राज्य बैडमिंटन स्पर्धा में राजधानी के खिलाड़ियों का एकतरफा प्रदर्शन



**रायपुर।** राजधानी में आयोजित सब जूनियर राज्य बैडमिंटन स्पर्धा में 17 वर्ष आयु समूह बालिका वर्ग के फायनल में रायपुर जिला बैडमिंटन संघ की ईशिका पोद्दार ने रायपुर की ही रेवा राजे वर्मा को 21-16,21-8 से हराकर खिताब पर कब्जा किया। ज़िला बैडमिंटन संघ के ही श्रेयांश पाठक ने 15 वर्ष आयु समूह बालक वर्ग एकल फाइनल में रायपुर के ही नैतिक साहू को 21-9,21-10 से हरा कर चैंपियन बने। ज़िला बैडमिंटन संघ के दिव्यांश अग्रवाल ने 17 वर्ष आयु समूह बालक वर्ग एकल फाइनल में रायपुर के ही अक्षय दत्त मिश्रा को 21-17,17-21,21-10 से हरा कर खिताब पर कब्जा किया। 15 वर्ष आयु समूह बालिका वर्ग एकल फाइनल में रायपुर की आरूषि अल्वा ने धमतरी की सिद्धिमा साहू को 2115, 21-16 से हरा कर मुकाबला जीती।

### नाइट चेस क्लब में मिलेगा शतरंज का निःशुल्क प्रशिक्षण



**रायपुर।** अंचल के नवोदित एवं उदीयमान शतरंज खिलाड़ियों के खेल स्तर को सुधारने तथा विधिवत शतरंज का निशुल्क प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पिथौरा के खेल मैदान के समीप नाइट चेस क्लब का शुभारंभ किया गया। महासमुंद जिला के खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे करकमलों क्लब का उदघाटन फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मनोज धृतलहरे ने कहा कि क्लब में खेलने से खिलाड़ियों के खेल में निखार आता है। आयोजन के मामले में महासमुंद जिला प्रदेश में अव्वल है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विकासखंड क्रीड़ा अधिकारी सुधीर प्रधान ने कहा कि क्लब और छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के सचिव कार्यालय के खुलने से खिलाड़ियों को काफी सुविधा होगी। स्पर्धाएं एवं शतरंज की समस्त गतिविधियों की जानकारी त्वरित कार्यालय के माध्यम से खिलाड़ियों को मिल सकेगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला शतरंज संघ के उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव मंचासीन थे। क्लब के संस्थापक हेमंत खुटे ने चेस क्लब के बारे में प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके द्वारा पिथौरा में 1997 में भी विज्ञान सभा शतरंज क्लब का गठन किया गया था। वर्ष 2018 में शतरंज की पाठशाला का पिथौरा में हेमंत द्वारा संचालन किया जाता रहा है जिसमें सप्ताह में दो दिन शनिवार और रविवार को स्कूली बच्चे पाठशाला आकर निशुल्क शतरंज का विधिवत प्रशिक्षण प्राप्त करते रहे हैं। अब नाइट चेस क्लब के खुलने से शतरंज खिलाड़ियों को शतरंज खेल एक बेहतर प्लेटफॉर्म मिल सकेगा। क्लब आकर नियमित रूप से अभ्यास करने से उनके खेल कौशल का विकास होगा। इस अवसर पर जिला शतरंज संघ के केशर भोई ,सतीश दास,मनोज कालसा एवं शतरंज खिलाड़ी उपस्थित थे। नाइट चेस क्लब व सचिव कार्यालय के शुभारंभ होने पर अखिल भारतीय शतरंज संघ के उपाध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के प्रदेश अध्यक्ष राघवेंद्र सिंघानिया ,महासचिव विनोद राठी,उपाध्यक्ष, एम चंद्रशेखर, उपाध्यक्ष विश्वास मेश्राम, उपाध्यक्ष किरण अग्रवाल , कोषाध्यक्ष प्रदीप दास व सदस्य कार्यकारिणी शरद उके ने बधाई व शुभकामनाएं दी है।

इस आदत के चलते कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं से घिर सकते हैं आप

# जरूरत से ज्यादा सोचना भी आपकी सेहत के लिए नुकसानदेह, नकारात्मक आदत को जल्द छोड़िए

आज के परिवेश में, आप कई नए- नए हेल्थ टर्म सुन या देख रहे होंगे। ओवरथिंकिंग या जरूरत से ज्यादा सोचना भी इन्हीं में से एक है। चाहे, ओवरथिंकिंग हो, डिप्रेशन हो, मेंटल हेल्थ की बात हो या फिर कोई अन्य टर्म, ये सब होती तो पहले भी थी। लेकिन, इसपे खुलकर बातें नहीं होती थी। बता दें कि, ओवरथिंकिंग एक प्रकार की नकारात्मक आदत है। जिसका शिकार होने के बाद, व्यक्ति कई तरह के स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से घिरने लग जाता है। आपने भी, खुद को ओवरथिंकिंग करते हुए, कभी ना कभी तो महसूस जरूर किया होगा। यही आदत जब धीरे-धीरे बढ़ने लग जाती है तो व्यक्ति को अपने चपेट में लेती है। और फिर ऐसे लोग दिन-प्रतिदिन नकारात्मक विचारों की तरफ आकर्षित होते चले जाते हैं। पहले भी, लोगों में इन कारणों को देखा जाता रहा है। लेकिन, उस समय लोग उचित लाइफस्टाइल तरीका अपनाकर, खुद ही इससे उभर जाते थे। परंतु आज के दौर में इसके कारण आमतौर पर डिप्रेशन, एंग्जाइटी और स्ट्रेस जैसी समस्याएं देखने को मिलती हैं। इस समस्या के लिए किसी तरह की मेडिसिंस नहीं बनी है। तो, इससे निजात पाने के लिए आपको खुद पर भरोसा करते हुए कुछ स्टेप्स लेने की जरूरत पड़ती है। तो चलिए जानते हैं, क्या है वो 5 बेस्ट स्ट्रेटेजी जिसे अपनाकर ओवरथिंकिंग से छुटकारा पाया जा सकता है।



### नेगेटिव विचारों से ध्यान हटाना सीखें


यदि आप ओवरथिंकिंग करते हैं या लगता है कि आप ओवरथिंकर बनते जा रहे हैं। ऐसे में जरुरी है कि, अपने आप को मन पसंदीदा कामों में ज्यादा व्यस्त रखें। साथ ही, खुद को नकारात्मक विचारों से डिस्ट्रेक्ट यानि की दूर रहने की कोशिश करें। अपने पसंद के मुताबिक, आप चाहे तो किचन में कोई नई रेसिपी भी ट्राई कर सकते हैं। या फिर, वर्कआउट क्लास और पेंटिंग जैसी गतिविधियों में समय बिता सकते हैं। क्यूंकि, आप जब अपने पसंदीदा कामों में ज्यादा व्यस्त और खुश रहने लग जाएंगे फिर, ओवरथिंकिंग की नौबत ही नहीं आ पाएगी।

### अपना ट्रिगर प्वाइंट समझें

हर व्यक्ति का कोई न कोई ऐसा ट्रिगर प्वाइंट जरूर होता है। जहां पहुंचकर वह ओवरथिंकिंग करने लग जाता है। इसलिए, अपने ट्रिगर प्वाइंट पर पकड़ बनाना भी ओवरथिंकिंग की समस्या से बाहर निकलने का एक अच्छा तरीका होता है। कभी भी ऐसा लगे कि, किसी बात से आप परेशान हो सकते हैं। ऐसे में, खुद को एक पॉजिटिव एनवायरमेंट में शामिल करने की कोशिश करें। ओवरथिंकिंग एक ऐसी परेशानी है, जिसे जब तक आप खुद ठीक नहीं करना चाहेंगे तो इसमें दूसरा कोई व्यक्ति आपकी सहायता नहीं कर सकता है।

### पर्याप्त नींद है जरूरी

कई हेल्थ एक्सपर्ट का मानना है कि, मानसिक स्वास्थ्य ठीक रहने के लिए शरीर को भरपूर नींद बेहद जरुरी है। कम सोने या नींद में कमी व्यक्ति के जीवन में चिंता और उदासी की भावनाओं को बढ़ा सकती है। जो कि ओवरथिंकिंग का ही लक्षण माना जाता है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि, आपके दिमाग और शरीर को अच्छी तरह से आराम मिले प्रति रात 7-9 घंटे की गुणवत्तापूर्ण नींद अवश्य लें।



### गहरी सांस लें

ओवरथिंकिंग सिर्फ मानसिक ही नहीं बल्कि शारीरिक रूप से भी व्यक्ति को परेशान कर सकती है। ऐसे में जरुरी है कि, मेंटल और फिजिकल हेल्थ बेहतर बनाए रखने के लिए , शांत जगह पर बैठकर गहरी सांस लें। ऐसा करने से दिमाग और शरीर दोनों ही रिलैक्स महसूस करवाएगा। इसके अलावा, यह आदत आपके दिमाग में चल रहे नेगेटिव विचारों को दूर रखने में भी मदद करेगा। जरा गौर से सोचिएगा इसे, ओवरथिंकिंग को कंट्रोल करने के तरीकों में ये सबसे महत्वपूर्ण है। हम सब जो परफेक्शन की प्रतीक्षा कर रहे होते हैं, उसे बंद कर सकते हैं।



# इन टिप्स से 40 की उम्र के बाद भी बने रहेंगे तंदुरुस्त

दुनिया की सबसे महंगी और अनमोल चीज है, सेहत! इसे कोई नहीं खरीद सकता। आपने देखा होगा कई लोग कुछ ऐसी बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं, जहां करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी रिजल्ट नहीं मिलते।

40 साल की उम्र वो पड़ाव होता है, जब शरीर में कई शारीरिक समस्याएं और स्वास्थ्य स्थितियों का खतरा बढ़ जाता है। एक्सपर्ट का कहना है, कि इस उम्र के बाद आपको काफी संभलकर रहना होता है। यंगस्टर्स तो फिट रहने के लिए कई उपाय अपनाते हैं। जैसे,हेल्दी और क्लीन डाइट, रनिंग साइकिलिंग जिम जाकर वर्कआउट करना जंक फूड और प्रोसेस्ड फूड से दूर रहना योग करना आदि। लेकिन 40 के आसपास की उम्र वाले लोग पारिवारिक जिम्मेदारियों के कारण लाइफ स्टाइल को उतना एक्टिव नहीं रख पाते, जितना उन्हें रखना चाहिए। अगर कोई भी अपने शरीर और स्वास्थ पर पहले से ही काम करना शुरू करे, तो 40 की उम्र के बाद अधिक मेहनत की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसलिए इस आर्टिकल में हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बता रहे हैं, जो 40 की उम्र के बाद भी फिट रहने में आपकी मदद कर सकते हैं।

अगर आप भी चाहते हैं कि 40 की उम्र के बाद भी फिट और स्वस्थ बने रहें, इसके लिए नीचे दिए हुए तरीकों को आज से ही अपनी लाइफ स्टाइल में शामिल करें।

### स्ट्रेंथ पर करें काम

हमारी उम्र के साथ मांसपेशियों का निर्माण और रखरखाव हमारी हड्डियों को मजबूत रखने का एक महत्वपूर्ण घटक होता है। वहीं, मांसपेशियों का द्रव्यमान उम्र बढ़ने के साथ कम होने लगता है, इसलिए रेजिस्टेंस ट्रेनिंग यानी वेट ट्रेनिंग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना बहुत फायदेमंद होता है। इसलिए, अभी से ही वेट ट्रेनिंग को डेली रूटीन में शामिल करें, ताकि आगे चलकर आपको कोई समस्या न हो।



### मसल्स फ्लेक्स पर दें ध्यान

40 साल से अधिक उम्र के लोग हर साल अपने मसल्स का लगभग 1 प्रतिशत हिस्सा खो देते हैं। इसलिए 40 साल से अधिक उम्र के लोगों को जरूरी है कि वे मसल्स को फ्लेक्स करें। इसके लिए तेज चलना और फिर हल्के वजन से वेट ट्रेनिंग करना काफी फायदेमंद हो सकता है। लेकिन अगर आप अभी 40 के नहीं हुए हैं, तो मसल्स फ्लेक्शन पर ध्यान दें, ताकि आगे चलकर कोई प्रॉब्लम न आए।

### जंक फूड अवॉइड करें

इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि हम कितने साल के हैं। हर उम्र में एनर्जी की कमी, सुस्ती आदि जैसे समस्याएं हो सकती हैं। अगर आप अभी जंक फूड खा रहे होंगे तो इसका असर आपको आलस, वेट गेन के रूप में दिखेगा। लेकिन जब उम्र बढ़ने लगेगी, वैसे-वैसे इसके अधिक प्रभाव आपको देखने मिलेंगे। आप यह बात तो जानते ही होंगे कि जंक फूड खाने से शरीर को कितनी सारी प्रॉब्लम्स हो सकती हैं।

## जन्माष्टमी के दिन लड्डू गोपाल का श्रृंगार ऐसे करें

जन्माष्टमी का दिन भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित है। इस दिन इनकी पूजा विधिवत रूप से करने का विधान है। ऐसे में आपको लड्डू गोपाल के श्रृंगार के बारे में जाननी चाहिए।



### श्रृंगार की विधि क्या है?

सबसे पहले लड्डू गोपाल को पंचामृत से स्नान कराएं। स्नान के बाद उनके शरीर पर चंदन का लेप करें।चंदन सूखने के बाद गंगाजल से अभिषेक करें। लड्डू गोपाल को साफ और सुंदर वस्त्र पहनाएं।मोती, मोरपंख से उन्हें सजाएं।उनके आंखों में काजल लगाएं और माथे पर बिंदी लगाएं।उनके बालों में फूल लगाएं और उनके चरणों में फूल बिछाएं। लड्डू गोपाल को इत्र अवश्य लगाएं।

### लड्डू गोपाल को श्रृंगार करने का महत्व क्या है?


लड्डू गोपाल को श्रृंगार करके भक्त अपने प्रियतम को सुंदर रूप में देखना चाहते हैं। यह प्रेम और भक्ति का एक भाव व्यक्त करता है। आपको बता दें, पंचामृत से लड्डू गोपाल को स्नान कराना शुद्धता और पवित्रता का प्रतीक है। चंदन शांत और शीतलता का प्रतीक है। यह मन को शांत करता है। फूल सौंदर्य और शुभता का प्रतीक हैं। रंग-बिरंगे वस्त्र आनंद और उत्सव का प्रतीक हैं। इसलिए ऐसी मान्यता है कि लडडू गोपाल का श्रृंगार करने से व्यक्ति की मनोकामनाएं पूरी होती है। साथ ही जीवन में सुख-समृद्धि और सौभाग्य में भी वृद्धि होती है।

## खिलाएं होममेड मावा घेवर घर पर इस तरह करें तैयार

त्योहार के मौसम में बाजारों में मिलावट वाली मिठाई मिलती है। अगर आप अपने घर के लोगों को कुछ अच्छा बनाकर खिलाना चाहती हैं तो मलाई घेवर एक बेहतर विकल्प है। इसे खाकर किसी की तबियत खराब होने का डर भी नहीं रहता।



घेवर का बैटर तैयार करने के लिए सबसे पहले एक बड़े कटोरे में मैदा लें। अब इसमें घी और बर्फ के टुकड़े डालें। इसे अच्छी तरह मिलाएं जब तक कि घी और मैदा अच्छे से मिल जाए। इसके बाद, दूध और थोड़ा-थोड़ा करके पानी डालें और लगातार मिलाते रहें। जब इसका पतला बैटर तैयार हो जाए तो इसे साइड में रख दें। इसमें किसी भी प्रकार की गुठलियां नहीं होनी चाहिए। अब इसके लिए आपको चाशनी तैयार करनी है। चाशनी बनाने के लिए एक पैन में चीनी और 1 कप पानी डालें। चीनी को अच्छी तरह से घुल जाने के बाद इसमें इलायची पाउडर और केसर डालें। इसे धीमी आंच पर गर्म रखें। चाशनी जब तैयार हो जाए तो इसे साइड में रख दें। अब एक गहरे पैन में घी गरम करें। घी की मात्रा इतनी होनी चाहिए कि घेवर उसमें डूब सके सके।\ अब घेवर के बैटर को एक बड़े चम्मच या किसी कटोरी से पैन के केंद्र में डालें। धीरे-धीरे बैटर को बीच में डालते रहें ताकि घेवर गोलाकार बने।



























फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

# जेनिफर से अलगाव के बाद किसी और के साथ घूमते दिखे बेन एफ्लेक



बेन एफ्लेक और जेनिफर लोपेज अपने तलाक को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। 20 अगस्त को जेनिफर ने एलए काउंटी सुपीरियर कोर्ट में तलाक की अर्जी दाखिल की थी। दोनों ने शादी के दो साल बाद ही अलग होने का फैसला किया है। इसी बीच, अब बेन एफ्लेक को किसी नए इंसान के साथ देखा गया है। बेन एफ्लेक को किक कैनेडी के साथ देखे जाने की खबर सामने आई है। किक कैनेडी, रॉबर्ट एफ कैनेडी जूनियर की बेटी हैं, जो अमेरिकी राजनेता है और कैनेडी परिवार से आते हैं। हिंदुस्तान टाइम्स में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक, बेन एफ्लेक और किक कैनेडी को एक नहीं, बल्कि कई जगहों पर साथ देखा गया है। बेन एफ्लेक और किक कैनेडी के रिश्ते को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी तो फिलहाल सामने नहीं आई हैं, लेकिन उनके बेवर्ली हिल्स होटल समेत कई जगहों पर साथ दिखने के बाद कयास लगाए जा रहे हैं कि दोनों के बीच कुछ तो पक रहा है। किक कैडी वैसे तो राजनीतिक परिवार से आती हैं, लेकिन उन्होंने इससे दूरी बनाते हुए अभिनय की दुनिया में जाने का फैसला किया। किक की उम्र 36 साल है। वहीं, बेन एफ्लेक 52 साल के हैं। किक कैनेडी फियर एंड लोथिंग ऑफ द एस्पेन, हेवन्स पॉइंट, द न्यूजरूम, समिट ऑन द समिट और टीचर ऑफ द ईयर समेत कई फिल्मों में काम कर चुकी हैं। जेनिफर लोपेज और बेन एफ्लेक की बात करें तो दोनों ने साल 2022 में शादी की थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने एक ही साल में दो बार शादी की थी। दोनों ने साल 2003 में मार्टिन ब्रेस्ट की रोमांटिक फिल्म 'गिगली' में काम किया था। इसके बाद उन्होंने 2004 में केविन स्मिथ की कॉमेडी फिल्म 'जर्सी' में भी उनकी जोड़ी नजर आई थी।

## टॉलीवुड

# रजनीकांत की 'कुली' में हुई उपेंद्र की एंट्री, खलनायक का किरदार निभाने की चर्चा



रजनीकांत की फिल्म 'कुली' को लेकर एक दिलचस्प अपडेट सामने आया है। फिल्म में उपेंद्र अहम भूमिका में नजर आएंगे। इसको लेकर उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए जानकारी दी है। हालांकि, कुछ ही देर बाद उन्होंने इसे डिलीट भी कर दिया। तमिल फिल्मों के सुपरस्टार रजनीकांत इन दिनों लोकेश कनगराज की फिल्म 'कुली' को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म की शूटिंग जोर शोर से चल रही है। इस बीच हाल ही में इस फिल्म में एक और मशहूर सितारे की एंट्री हो गई है। कुली में कन्नड़ अभिनेता उपेंद्र राव भी अपनी अदाकारी का जलवा दिखाते नजर आने वाले हैं। फिल्म में उपेंद्र के काम करने को लेकर सबसे पहले उनके आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट के जरिए जानकारी दी गई थी। हालांकि, कुछ ही देर बाद पोस्ट को हटा दिया गया। डिलीट की गई तस्वीर से यह स्पष्ट तौर पर पता चल रहा है कि कन्नड़ अभिनेता की फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिका होने वाली है। उपेंद्र के किरदार को लेकर लोग यह भी कयास लगा रहे हैं कि फिल्म में वह मुख्य खलनायक में नजर आ सकते हैं। हालांकि, इसकी आधिकारिक तौर अभी तक पुष्टि नहीं हुई है। ऐसे उपेंद्र ने तमिल सिनेमा में 2008 में कदम रखा था। विशाल अभिनीत फिल्म सत्यम से उन्होंने अपनी शुरुआत की थी। अभिनेता अब इंडस्ट्री में वापसी करने के लिए तैयार हैं। कुली की बात करें तो फिल्म में रजनीकांत के अलावा श्रुति हासन और सत्यराज भी फिल्म में प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। उपेंद्र को आखिरी बार फिल्म कब्जा में मुख्य भूमिका निभाते हुए देखा गया था।

## भोजपुरी

# 'सूर्यवंशम' में पवन संग फिर से रोमांस करेंगी आस्था, दर्शकों को इंतजार



भोजपुरी स्टार पवन सिंह की फिल्म 'सूर्यवंशम' 30 अगस्त को पूरे भारत में रिलीज होने जा रही है। यशी फिल्म्स (अभय सिन्हा) और रेणु विजय फिल्म्स एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी इस फिल्म को निशांत उज्जवल ने बनाया है। रिलीज का ऐलान करते हुए निर्माता निशांत उज्जवल ने दर्शकों से अपील की कि वे इस फिल्म को अपने परिवार के साथ सिनेमा घरों में जाकर देखें। उन्होंने कहा कि सिनेमा हॉल में फिल्म देखने का जो अनुभव मिलेगा, वह टीवी या यूट्यूब पर नहीं मिल सकता। उन्होंने फिल्म को लेकर कहा कि फिल्म का ट्रेलर पहले ही वायरल हो चुका है और अब दर्शकों के इंतजार की घडी खत्म होने वाली है। उन्होंने इसे एक बेहद खास फिल्म बताया है, जो दर्शकों को एक रोमांचक और भावनात्मक सफर पर ले जाएगी। इस फिल्म के जरिए पवन सिंह एक बार फिर से अपने फैन्स को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार हैं। फिल्म से जुड़े सभी कलाकार और तकनीकी टीम ने इसे एक बड़ी सफलता बनाने के लिए पूरी मेहनत की है, और अब दर्शकों के हाथ में है कि वे इसे कितना पसंद करते हैं। पवन सिंह ने कहा कि यह बेहद खूबसूरत फिल्म है। और हाल दे दिनों में रिलीज हुई मेरी बेहतरीन फिल्मों में से यह एक है। फिल्म के निर्देशक रजनीश मिश्रा और छोटे भाई समान निर्माता निशांत उज्जवल ने एक खूबसूरत फिल्म बनाई है।

## बहार के दिन

लाइफ स्टाइल



बारिश के इस तूफानी मौसम से बचने के लिए डिजाइनरों ने अपने शो में फूलों की सजावट की भरमार की है। मशहूर फैशन डिजाइनर राल्फ लॉरेन ने न्यूयार्क के मैडिसन एवेन्यू फ्लैगशिप में अपना सी-नाउ, बाय-नाउ कलेक्शन पेश किया, जहां कमरे 100,000 ऑर्किड फूल और कुछ एनिमेट्रोनिक तितलियाँ से ढके हुए थे। यहां उल्ला जॉनसन ने अपने रनवे को गुलाबी फूलों के परिदृश्य से सजाया था, जिसकी खूब तारीफ हुई।

# माखन से लेकर बांसुरी तक रचाएं कान्हा के नाम की मेहंदी

अगर आप भगवान श्रीकृष्ण के जन्मदिन को खास बनाना चाहती हैं तो अपने हाथों पर उनके नाम की मेहंदी लगाएं। यहां आपके लिए श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के लिए मेहंदी की खूबसूरत डिजाइन है। इनमें खास तौर पर माखन, बांसुरी और कान्हा की तस्वीर बना सकती हैं।

**पहली डिजाइन:** अगर हाथों पर रचाने के लिए खूबसूरत मेहंदी की डिजाइन तलाश कर रही हैं तो इसका चयन करें। इस तरह की मेहंदी लगाना काफी आसान रहता है और ये लगती भी काफी प्यारी है।

**दूसरी डिजाइन:** अपने हाथों पर आप इस तरह से कोई श्लोक भी लिखवा सकती हैं। ये एक ऐसा श्लोक है, जो काफी आसान है, और इसे आप आसानी से अपने हाथों पर लिख भी सकती हैं।

**तीसरी डिजाइन :** नन्हे बाल गोपाल मां यशोदा के काफी लाडले हैं। ऐसे में आप अपनी हथेली पर मां यशोदा और कान्हा की तस्वीर भी बना सकती हैं। ये डिजाइन बनाते समय इसके महीन काम का ध्यान रखें। वरना इसका लुक खराब हो सकता है।


**चौथी डिजाइन:** अगर आपके पास ज्यादा समय नहीं है तो आप सिर्फ अपने हाथों पर माखन चुराते कान्हा की तस्वीर बना सकती हैं। ऐसी डिजाइन आपकी हाथों की खूबसूरती को बढ़ाने का काम करेगी।

**पांचवी डिजाइन:** अपनी हथेली पर ऐसे माखन चुराते कान्हा की तस्वीर बनाएं। इसके साथ ही उंगलियों पर राधा का नाम लिखवाएं। ये डिजाइन देखने में बेहद खूबसूरत लगेगी। हाथ के नीचे की तरफ मोर की तस्वीर भी बना सकती हैं।



# साधारण सी कुर्ती या सूट के साथ कैरी करें शानदार दुपट्टे





फैशन



दुपट्टे को पहले महिलाओं की लाज से जोड़ा जाता था, लेकिन समय बदलने के साथ यह फैशनेबल दिखने और खुद को क्लासी लुक देने का एक तरीका बनता जा रहा है। फैशन उद्योग समय के साथ बदलता रहता है। लेकिन जब बात पारंपरिक परिधानों की आती है तो कुछ चीजें ऐसी हैं, जिनमें छोटे-मोटे बदलाव और क्रिएटिविटी ही ट्रेंड बन जाते हैं। अगर आप सूट पहनना पसंद करती हैं तो एक दुपट्टे से आप अपने पूरे लुक को आकर्षक और क्लासी बना सकती हैं। प्लेन या हल्के डिजाइन वाली कुर्ती और सूट इस समय काफी चलन में हैं, लेकिन कभी-कभी ये कुछ ज्यादा ही सिंपल लुक देते हैं। ऐसे में आप कुछ खास दुपट्टों को अपनी कुर्ती और सूट के साथ कैरी करके हैवी लुक दे सकती हैं और अपने लुक को कंप्लीट कर सकती हैं।

### फ्लोरल प्रिंट दुपट्टा

लड़कियों और ऑफिस गर्ल के बीच यह दुपट्टा काफी लोकप्रिय है। इसकी सबसे अच्छी बात यह है कि यह दुपट्टा काफी हल्का होता है, जिसे आराम से कैरी किया जा सकता है। साथ ही अगर यह दुपट्टा ऑर्गेंजा फैब्रिक में हो तो और भी खूबसूरत लगता है।

### बांधनी दुपट्टा

बांधनी दुपट्टा भी प्लेन कुर्ती के साथ काफी स्टाइलिश और खूबसूरत दिखता है। इसकी एक खास बात यह है कि इसे कैरी करने से आप लंबी दिखती हैं। साथ ही यह काफी लाइट वेट दुपट्टा है। इसे आप शॉल की तरह ड्रेप कर या बेल्ट के साथ कैरी कर सकती हैं। दुपट्टे को कैरी करने के इंटरनेट पर काफी हैक्स भी हैं, जिनको देखकर आप अपना सकती हैं।

# बारिश में आया फुटवियर का नया स्टाइल जो देगा लुक और करेगा कीचड़ से भी बचाव

फुटवियर न सिर्फ पैरों को गंदा होने से बचाते हैं, बल्कि उनकी खूबसूरती बढ़ाने के साथ-साथ आपके ओवरऑल लुक को भी खास बनाते हैं। ऐसे में क्यों न आप कुछ नए तरह के फुटवियर ट्राई करें।



### एरिजोना सैंडल

एरिजोना सैंडल इस मौसम के लिए सबसे सही विकल्प माने जाते हैं, क्योंकि ये वाटरप्रूफ होते हैं और जल्दी सूख जाते हैं। इन का डिजाइन ऐसा होता है कि पानी जल्दी निकल जाए, जिससे पैरों में नमी और फिसलन नहीं रहती। इसके अलावा ये हल्के और आरामदायक होते हैं, जिससे इन को पहनकर चलना आसान होता है। ये दिखने में भी काफी स्टाइलिश लगते हैं।

### स्नीकर्स

इस मौसम में कलरफुल स्नीकर पहनना आपके लुक को स्टाइलिश और मजेदार बना सकता है। बारिश के मौसम में अक्सर लोग जूते पहनना छोड़ देते हैं, लेकिन अगर आपको स्नीकर्स पहनना पसंद है तो आप हाई हील्स वाले स्नीकर्स ले सकती हैं। बस, एक बात का ध्यान रखें कि इस मौसम में हल्के रंगों से बचें, क्योंकि वे जल्दी गंदे दिखने लगते हैं। इसके बजाय बेज कलर को चुनें, जो अधिक व्यवहारिक होते हैं। इस तरह के स्नीकर्स जींस और शॉर्ट ड्रेस के साथ बहुत अच्छे लगते हैं।

### फ्लिप फ्लॉप

फ्लिप फ्लॉप न केवल इस मौसम के लिए बेहतरीन होते हैं, बल्कि इनको किसी भी मौसम में पहना जा सकता है। आप इनको शॉर्ट्स, ड्रेस, जींस या किसी भी तरह के आउटफिट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। फ्लिप फ्लॉप को पानी से कोई नुकसान नहीं होता है।

# बारिश में खोने लगी है पैरों की नमी तो इस्तेमाल करें घर पर बनी ये क्रीम, मिल जाएगी राहत

बारिश के मौसम में पैरों में तमाम तरह की परेशानियां होने लगती हैं। काफी बचाव के बाद भी इस मौसम में बारिश की वजह से पर हमेशा भीगे रहते हैं। अगर पैरों का ध्यान सही से ना रखा जाए तो इनमें रूखापन आने लगता है। यही वजह है कि बदलते मौसम में हाथों के साथ-साथ पैरों का भी ध्यान रखना बेहद जरूरी हो जाता है।



### नारियल तेल और शीया बटर क्रीम

इसे बनाने के लिए सबसे पहले2 टेबलस्पून नारियल तेल, 2 टेबलस्पून शीया बटर, 1 टेबलस्पून जैतून का तेल तो गर्म करके एक साथ मिलाएं। अब कुछ बूंदें एसेंशियल ऑयल लेकर सभी को अच्छी तरह से मिक्स करें। अब इसे एक डिब्बे में बंद करके रख लें। इसका इस्तेमाल आप हर रोज कर सकते है।

### एलोवेरा और विटामिन-ई क्रीम

एलोवेरा से बनी क्रीम को बनाने लिए आपको 2 टेबलस्पून एलोवेरा जेल, 1 टेबलस्पून नारियल तेल, 1 टेबलस्पून ग्लिसरीन और 2 विटामिन ई कैप्सूल्स की जरूरत पड़ेगी। इसे तैयार करने के लिए सबसे पहले एलोवेरा जेल, नारियल तेल, और ग्लिसरीन को मिलाएं। अब विटामिन ई कैप्सूल्स को फोड़कर उसमें से तेल निकालें और मिश्रण में मिलाएं। अच्छे से मिक्स करने के बाद इसे एक डिब्बे में स्टोर कर लें।

### शहद और ओट्स क्रीम

इसे तैयार करने के लिए सबसे पहले 2 टेबलस्पून शहद में बादाम के तेल को मिक्स करें। अब इसमें पिसी हुई ओट्स को मिलाकर इस एक डिब्बे में बंद कर लें।


कार्नर न्यूज

## महिलाओं के मुकाबले पुरुषों के मेकअप प्रोडक्ट ज्यादा चर्चा में

# इस साल ट्रेंड कर रहे हैं पुरुषों के लिए कुछ खास मेकअप प्रोडक्ट, इन्हें आप भी जानिए

*मेकअप पर सिर्फ महिलाओं का एकाधिकार खत्म हो चुका है। अब मेकअप वाला ट्रेंड पुरुषों की लाइफस्टाइल में भी एंट्री कर चुका है। ये एंट्री कुछ ऐसी हुई है कि बड़े शहरों के ज्यादातर पुरुष अब मेकअप ट्रेंड फॉलो करते हैं।*

*तब ही तो अब महिलाओं के साथ पुरुषों के मेकअप ट्रेंड भी खूब वायरल होते हैं। इस साल के लिए पुरुषों का मेकअप ट्रेंड आ चुका है। 2024 में पुरुषों का मेकअप ट्रेंड ऐसा है जो उनके लुक को सच में बेहतर बनाएगा।*



### आइब्रो की ग्रूमिंग

2024 का ट्रेंड ये कहता है कि पुरुषों को मेकअप करते हुए अपनी आइब्रो के मेकअप पर भी ध्यान देना होगा। वो ब्रो पेंसिल से खाली जगहों को भर सकते हैं तो आइब्रो को शेप भी दे सकते हैं। इससे लुक में बहुत अंतर आ जाता है।

### बीबी क्रीम

बीबी क्रीम ऐसा मेकअप प्रोडक्ट है जिसे लाइटवेट फाउंडेशन, कंसीलर और मॉइश्चराइजर के तौर पर इस्तेमाल क्या जा सकता है। इसको स्किन कलर को ईवेन टोन दिखाने के लिए भी इस्तेमाल किया जा सकता है। नया ट्रेंड फाउंडेशन की जगह बीबी क्रीम को पुरुषों के साथ मेकअप के साथ जोड़ता है।



### मस्कारा

अभी तक पुरुषों को मस्कारा लगाते नहीं देखा जाता था। लेकिन 2024 का ट्रेंड कहता है कि पुरुष भी अपने मेकअप में मस्कारा को जोड़ सकते हैं। इससे पुरुषों के लुक में पलकें भी पूरा योगदान देंगी। मस्कारे से पुरुषों की पलकों को काफी वॉल्यूम मिल जाता है। इसके साथ पुरुष ड्रामेटिक लुक के लिए काले और भूरे रंग में से किसी एक का चुनाव कर सकते हैं।

### कंसीलर

पुरुष मेकअप करेंगे तो फाउंडेशन भले ही चुन लें लेकिन कंसीलर इस्तेमाल करने का तो सोचते भी नहीं होंगे। लेकिन पुरुषों के लिए 2024 का मेकअप ट्रेंड कहता है कि उन्हें भी कंसीलर जरूर इस्तेमाल करना चाहिए। दरअसल कंसीलर डार्क सर्कल के साथ दाग-धब्बों को भी छुपा लेता है। कंसीलर का वो शेड लें जो आपकी स्किन टोन से पूरी तरह मैच करता हो। चेहरे पर ये नेचुरल लगे, इसके लिए कंसीलर को हाथों या ब्रश से ही लगाएं।

### लिप बाम

पुरुष लिपस्टिक तो नहीं लगाएंगे लेकिन फटे हुए होंठ आपका लुक जरूर बिगाड़ देंगे।